

Chapter
# 1
# रासायनिक अंकगणित

रसायन आधारभूत रूप से एक प्रायोगिक विज्ञान है इसके अन्तर्गत पदार्थ के भौतिक और रासायनिक गुण तथा मापन से संबंधित गुणों का अध्ययन किया जाता है। मापन के परिणामों को हम दो पदों में व्यक्त कर सकते हैं:

(a) अंकगणितीय संख्या (b) उस परिणाम का मात्रक या इकाई

प्रत्येक प्रायोगिक मापन एक दूसरे से कुछ अलग होते हैं और उनमें पायी जाने वाली त्रुटियाँ और अनिश्चितताएं मापन यंत्र और मापन करने वाले व्यक्ति की दक्षता पर निर्भर करती हैं। एक समान किये गये मापन में प्राप्त मानों के समुच्चय की निकटता यथार्थता कहलाती है। यथार्थता परिशुद्धता से संबंधित होती है जो यथार्थ मान के निकटतम मान को प्रदर्शित करती है।

## सार्थक अंक (Significant figures)

किसी संख्या के उन अंकों (0 से 9 तक) को जिनके द्वारा किसी भौतिक राशि को पूर्णतः उसके यथार्थ मान तक व्यक्त करते हैं सार्थक अंक कहलाते हैं। एक भौतिक राशि में सार्थक अंकों की संख्या मापन में प्रयुक्त यंत्र के न्यूनतम मान पर निर्भर करती है।

(1) **सार्थक अंकों के निर्धारण के कुछ नियम**

**नियम** 1. सभी अशून्य अंक सार्थक होते हैं।

उदाहरण : $x = 1234$ में चार सार्थक अंक हैं, और $x = 189$ में तीन सार्थक अंक हैं।

**नियम** 2. सभी वे शून्य जो दो अशून्य अंकों के बीच उपस्थित होते हैं, सार्थक अंक कहलाते हैं।

उदाहरण : $x = 1007$ में चार सार्थक अंक हैं जबकि $x = 1.0809$ में पाँच सार्थक अंक हैं।

**नियम** 3. यदि शून्य किसी अंक व दशमलव के मध्य स्थित है तो वह सार्थक अंक नहीं होता।

उदाहरण : $x = 0.0084$ में दो सार्थक अंक हैं। $x = 1.0084$ में पाँच सार्थक हैं।

**नियम** 4. सभी शून्य जो अशून्य संख्या के दांयी ओर होते हैं, सार्थक अंक कहलाते हैं।

उदाहरण: $x = 0.00800$ में तीन सार्थक अंक हैं।

**नियम** 5. अशून्य संख्या के दांयी ओर वाले सभी शून्य सार्थक बन जाते हैं, जब वे किसी मापन से आते हैं।

उदाहरण : माना कि दो स्टेशनों के मध्य मापी गई दूरी 3050 मी. है। इसमें चार सार्थक अंक हैं। इसी दूरी को 3.050 कि.मी. या $3.050 \times 10^5$ सेमी में भी व्यक्त किया जा सकता है। इन सभी अभिव्यक्तियों में सार्थक अंकों की संख्या चार है। दशमलव का स्थान परिवर्तित करने से भी परिणाम में सार्थक अंको की संख्या परिवर्तित नहीं होती। मापन से प्राप्त सार्थक अंकों की संख्या जितनी अधिक होगी, मापन में उतनी ही यथार्थता होगी।

(2) **निकटन** (Rounding off) : जब मापन के मानों का निकटन (round off) किया जाता है तो हम निम्न नियमों का पालन करते हैं :

**नियम** 1. यदि पूर्णांकित की जाने वाली संख्या 5 से छोटी हो तो उस अंक को हटा देते हैं।

उदाहरण : $x = 7.82$ को पूर्णांकित करके 7.8 लिखा जायेगा ।

**नियम** 2. यदि पूर्णांकित की जाने वाली संख्या 5 से बड़ी है तो उसके पहले वाली संख्या में एक बढ़ा दिया जाता है।

उदाहरण : $x = 6.87$ को पूर्णांकित करके 6.9 लिखा जायेगा।

**नियम** 3. यदि पूर्णांकित की जाने वाली संख्या में 5 के साथ शून्य के अतिरिक्त कोई भी संख्या है तो 5 से पहले वाले अंक में एक बढ़ाकर लिखा जायेगा।

उदाहरण : $x = 16.351$ को पूर्णांकित कर 16.4 लिखा जायेगा।

**नियम** 4. पूर्णांकित की जाने वाली संख्या में 5 के बाद शून्य है और 5 से पहले वाली संख्या सम है तो संख्या अपरिवर्तित रहेगी।

उदाहरण : $x = 3.250$ को पूर्णांकित कर 3.2 लिखा जायेगा।

**नियम** 5. पूर्णांकित की जाने वाली संख्या में 5 के बाद शून्य है और 5 से पहले वाली संख्या विषम है तो पहले वाली संख्या में एक जोड़ दिया जायेगा।

उदाहरण : $x = 3.750$ को पूर्णांकित करके 3.8 लिखा जायेगा ।

(3) **गणना में सार्थक अंक**

(i) ***जोड़ और घटाव*** : जोड़ने और घटाने में निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखें :

(a) सभी राशियों को एक समान मात्रक में बदलना चाहिए।

(b) यदि एक राशि को 10 की घात में व्यक्त किया गया है तो अन्य सभी राशियों को भी 10 की घात के रूप में परिवर्तित करना चाहिए।

(c) जोड़ और घटाने के बाद प्राप्त परिणाम में दशमलव के बाद उतने ही स्थान तक अंक सार्थक होते हैं जितने किसी अवयवी संख्या में न्यूनतम होते हैं।

(ii) ***गुणा और भाग***

(a) यदि किसी संख्या को स्थिरांक से गुणा किया जाता है तो सार्थक अंकों की संख्या वही रहती है।

(b) गुणा अथवा भाग की गणनाओं में जो अंतिम संख्या आती है, उसमें सार्थक अंकों की वही संख्या होती है जो संकारक (Operator) में विद्यमान न्यूनतम सार्थक अंकों वाली संख्या में होते हैं।

## मापन की इकाईयाँ (Units for measurement)

किसी राशि के मापन के लिए चुना गया मानक आवश्यक रूप से उस राशि की प्रवृति का होता है उसे उस राशि की इकाई कहते हैं। इकाई मुख्य रूप से निम्न प्रकार की होती है :

(1) C.G.S. प्रकार : लंबाई (सेंटीमीटर), द्रव्यमान (कि.ग्रा.), समय (सेकण्ड)

(2) M.K.S. प्रकार : लंबाई (मीटर), द्रव्यमान (कि.ग्रा.), समय (सेकण्ड)

(3) F.P.S. प्रकार : लंबाई (फुट), द्रव्यमान (पाउण्ड), समय (सेकण्ड)

(4) S.I. प्रकार : अक्टूबर सन् 1960 में भार एवं मापन की अंतर्राष्ट्रीय कमेटी ने इकाईयों की एक अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली प्रस्तुत की, जिसे संक्षेप में SI इकाईयाँ कहते हैं । यह मैट्रिक प्रणाली का संशोधित रूप है। इस प्रणाली की सात मूल इकाईयाँ हैं तथा शेष सभी इकाईयाँ इन इकाईयों से व्युत्पन्न की जा सकती हैं।

**विमीय विश्लेषण** (Dimensional analysis) : सात मूलभूत इकाईयों की सहायता से व्युत्पित करके हम किसी भी मात्रा अथवा स्थिरांक को प्रदर्शित कर सकते हैं। इस प्रकार से प्रदर्शित की गयी मात्राओं की इकाईयों को हम व्युत्पित इकाई कहते हैं और उनके प्रतीकों को उन मात्राओं के परिमाण अथवा मात्रक अथवा विमा कहते हैं। किसी मात्रा का इस प्रकार व्युत्पित इकाईयों की मदद से परिणाम ज्ञात करने की विधि को विमीय विश्लेषण कहते हैं।

उदाहरण : चाल (वेग) को दूरी/समय से व्यक्त किया जाता है अतः इसकी इकाई मीटर/सेकण्ड या मीटर सेकण्ड$^{-1}$ है। बल (द्रव्यमान × त्वरण) की इकाई किग्रा–मीटर सेकण्ड$^{-2}$ है।

**सारणी 1.1 सात मूल *SI* इकाईयाँ**

| ***लम्बाई*** | द्रव्यमान | समय | ताप | विद्युत धारा | प्रकाश तीव्रता | पदार्थ की मात्रा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मीटर (*m*) | किलोग्राम (*kg*) | सेकण्ड (*s*) | केल्विन (*K*) | एम्पियर (*A*) | केण्डल (*Cd*) | मोल (*mol*) |

**सारणी 1.2 व्युत्पन्न इकाईयाँ**

| भौतिक मात्रायें | इकाई | प्रतीक |
|---|---|---|
| क्षेत्रफल | वर्ग मीटर | $m^2$ |
| आयतन | घन मीटर | $m^3$ |
| वेग | मीटर प्रति सेकण्ड | $ms^{-1}$ |
| त्वरण | मीटर प्रति सेकण्ड वर्ग | $ms^{-2}$ |
| घनत्व | किलोग्राम प्रति घन मीटर | $kg\ m^{-3}$ |
| मोलर द्रव्यमान | किलोग्राम प्रति मोल | $kg\ mol^{-1}$ |
| मोलर आयतन | घन मीटर प्रति मोल | $m^3\ mol^{-1}$ |
| मोलर सान्द्रता | मोल प्रति घन मीटर | $mol\ m^{-3}$ |
| बल | न्यूटन (*N*) | $kg\ m\ s^{-2}$ |
| दाब | पास्कल (*Pa*) | $N\ m^{-2}$ |
| ऊर्जा कार्य | जूल (*J*) | $kg\ m^2\ s^{-2}$, $Nm$ |

**सारणी 1.3 मूलभूत इकाईयों को प्रदर्शित करने हेतु मानक उपसर्ग**

| गुणांक | उपसर्ग | प्रतीक | उपगुणांक | उपसर्ग | प्रतीक |
|---|---|---|---|---|---|
| $10^{24}$ | योटा | *Y* | $10^{-1}$ | डेसी | d |
| $10^{21}$ | जेटा | *Z* | $10^{-2}$ | सेन्टी | c |
| $10^{18}$ | एक्सा | *E* | $10^{-3}$ | मि.ली. | m |
| $10^{15}$ | पेटा | *P* | $10^{-6}$ | माइक्रो | μ |
| $10^{12}$ | टेरा | *T* | $10^{-9}$ | नेनो | n |
| $10^{9}$ | गीगा | *G* | $10^{-12}$ | पिको | p |
| $10^{6}$ | मेगा | *M* | $10^{-15}$ | फेम्टो | f |
| $10^{3}$ | किलो | *K* | $10^{-18}$ | एटो | a |
| $10^{2}$ | हेक्टा | *H* | $10^{-21}$ | जेप्टो | z |
| $10^{1}$ | डेका | *Da* | $10^{-24}$ | योक्टो | y |

**सारणी 1.4 परिवर्तनीय कारक (Conversion factors)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 मी. = 39.37 इंच | 1 cal = 4.184 J | 1 e.s.u. = $3.3356 \times 10^{-10}$ C | गैस का 1 मोल = 22.4 L at STP |
| 1 इंच = 2.54 से मी | 1 eV = $1.602 \times 10^{-19}$ J | 1 डायन = $10^{-5}$ N | पदार्थ का 1 मोल = $N_0$ अणु |
| 1 लीटर = 1000 mL | 1 eV/ परमाणु =96.5 kJ $mol^{-1}$ | 1 वा. म. = 101325 Pa | 1 g परमाणु = $N_0$ परमाणु |
| 1 गेलन (US) = 3.79 L | 1 amu = 931.5016 MeV | 1 बार = $1 \times 10^{5}$ N $m^{-2}$ | t (°F) = 9/5 t (°C) + 32 |
| 1 lb = 453.59237 g | 1 किलो वाट घण्टा = 3600 kJ | 1 लीटर वा. म. = 101.3 J | 1 g $cm^{-3}$ = 1000 kg $m^{-3}$ |
| 1 न्यूटन =1 kg m $s^{-2}$ | 1 अश्वशक्ति = 746 वाट | 1 वर्ष = $3.1536 \times 10^{7}$ s | 1Å = $10^{-10}$m |
| 1 J = 1 Nm =1 kg $m^2$ $s^{-2}$ | 1 जूल = $10^{7}$ erg | 1 डिबाय (D) = $1 \times 10^{-18}$ esu cm | 1nm = $10^{-9}$ m |

## रासायनिक संयोजन के नियम
## (Laws of chemical combination)

विभिन्न रासायनिक अभिक्रियाऐं कुछ नियमों के अंतर्गत होती हैं। इन्हें रासायनिक संयोग के नियम के रूप में जाना जाता हैं। ये निम्न प्रकार से हैं।

(1) **द्रव्यमान के संरक्षण का नियम** (Law of conservation of mass) : सर्वप्रथम सन् 1756 में इस नियम का प्रतिपादन एक रूसी वैज्ञानिक लोमोनोसोफ द्वारा किया गया, बाद में लैवोजिअर और लैण्डोल्ट द्वारा इसकी पुष्टि की गयी।

(2) **स्थिर अनुपात का नियम** (Law of constant or definite proportion) : इस नियम का प्रतिपादन सर्वप्रथम जोसेफ लुई प्राउस्ट ने सन् 1799 में किया था। इस नियम के अनुसार, "किसी रासायनिक यौगिक में उसके अवयवी तत्वों का परस्पर भारात्मक अनुपात सदैव स्थिर रहता है। फिर चाहे वह किसी भी विधि से बनाया गया हो।"

(3) **गुणित अनुपात का नियम** (Law of multiple proportion) : सर्वप्रथम यह नियम जान डॉल्टन द्वारा सन् 1803 में दिया गया और इसकी पुष्टि बर्जीलियस द्वारा की गयी । इस नियम के अनुसार "जब दो तत्व परस्पर संयोग करके दो अथवा दो से अधिक यौगिक बनाते हैं तो एक तत्व की निश्चित मात्रा के साथ संयोग करने वाली दूसरे तत्व की भिन्न–भिन्न मात्रायें परस्पर एक सरल अनुपात में होती हैं।"

(4) **तुल्य अनुपात का नियम या व्युत्क्रम अनुपात का नियम** (Law of equivalent proportion or law of reciprocal proportion) : इस नियम को सर्वप्रथम रिचर (Ritcher) ने सन् 1972 में प्रतिपादित किया । इसके अनुसार "किसी एक तत्व की निश्चित मात्रा के साथ संयोग करने वाली दो भिन्न तत्वों की मात्राओं का अनुपात समान होता है, जिनमें ये परस्पर संयोग करते हैं अथवा उनका सरल गुणांक होता है।"

(5) **गैलुसेक का नियम** (Gay-Lussac's Law) : इस नियम का प्रतिपादन सर्वप्रथम एक फ्रान्सिसी वैज्ञानिक गैलुसेक ने सन् 1808 में किया। इस नियम के अनुसार, "ताप व दाब की समान परिस्थितियों में जब दो या दो अधिक गैसें क्रिया करती हैं, तो संयोग करने वाली गैसों के आयतनों में एक सरल अनुपात होता है और इन क्रियाओं में यदि उत्पाद भी गैसीय हो तो बनने वाले उत्पाद का आयतन भी क्रियाकारी गैसों के साथ एक सरल अनुपात में होता है।" गैलुसेक का नियम प्रायोगिक प्रेक्षणों पर आधारित था।

## महत्वपूर्ण परिकल्पनाएँ (Important hypothesis)

(1) **परमाण्विक परिकल्पना** (Atomic hypothesis) : रासायनिक संयोग के नियमों को ध्यान में रखते हुए, इन नियमों की मान्यता को सैद्धान्तिक रूप से सिद्ध करते हुए डॉल्टन की परमाण्विक परिकल्पना वैज्ञानिक जॉन डॉल्टन द्वारा दी गई।

इसके मुख्य अभिगृहीत इस प्रकार से हैं–

(i) प्रत्येक तत्व बहुत ही सूक्ष्म कणों से मिलकर बनता है जिन्हें परमाणु कहते हैं जो रासायनिक संयोग में भाग लेते हैं।

(ii) एक ही तत्व के सभी परमाणु समान होते हैं अर्थात किसी एक विशिष्ट तत्व के सभी परमाणु समान होते हैं जबकि दूसरे तत्वों के परमाणुओं से भिन्न होते हैं।

(iii) भिन्न तत्वों के परमाणुओं के गुण एवं द्रव्यमान भिन्न होते हैं।

(iv) परमाणु अविनाशी होता है। परमाणुओं को न तो बनाया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है।

(v) तत्वों के परमाणु अणु बनाने में भाग लेते हैं अर्थात जब एक से अधिक प्रकार के परमाणु संयोग करते हैं तो यौगिक का निर्माण होता है।

(vi) दिये गये यौगिक में परमाणुओं का प्रकार और उनकी आपेक्षिक संख्या स्थिर होती है।

(2) **आधुनिक परमाण्विक परिकल्पना** (Modern atomic hypothesis) : परमाणु से संबंधित कुछ नये आविष्कार होने के बाद डॉल्टन की परिकल्पना का रूपांतरण किया गया।

(i) परमाणु अविभाज्य नहीं है।

(ii) एक ही तत्व के परमाणुओं के परमाणु भार भिन्न हो सकते हैं जैसे : ऑक्सीजन के समस्थानिक $O^{16}, O^{17}$, और $O^{18}$ के परमाणु भार ।

(iii) भिन्न–भिन्न तत्वों के परमाणुओं के परमाणु भार समान हो सकते हैं जैसे : समभारिक $Ca^{40}$ और $Ar^{40}$ ।

(iv) परमाणु लंबे समय तक अविनाशी नहीं है। कई नाभिकीय अभिक्रियाओं में नाभिक का एक निश्चित द्रव्यमान $\alpha, \beta$ और $\gamma$ किरणों के रूप में ऊर्जा में परिवर्तित हो जाता है।

(v) परमाणु हमेशा एक सरल पूर्णांक अनुपात में ही संयोग नहीं करते। जैसे : सुक्रोज $(C_{12}H_{22}O_{11})$ में कार्बन हाइड्रोजन और ऑक्सीजन तत्वों का अनुपात 12 : 22 : 11 है और यह सरल पूर्णांक अनुपात में नहीं है।

(3) **बर्जीलियस परिकल्पना** (Berzelius hypothesis) : "समान ताप और दाब की परिस्थितियों में सभी गैसों के समान आयतन में परमाणुओं की संख्या समान होती है।" आयतन संयोजन के नियम पर इसका अनुप्रयोग करने पर यह ज्ञात होता है कि परमाणु विभाज्य है जो कि डाल्टन की परिकल्पना का विरोध है।

(4) **ऐवोगेड्रो परिकल्पना** (Avogadro's hypothesis) : "ताप और दाब की समान परिस्थितियों में सभी गैसों के समान आयतन में अणुओं की संख्या समान होती है।" एवोगेड्रो परिकल्पना को निम्न प्रकार से समझाया गया है

(i) यह गैसीय तत्वों के परमाण्विक भारों के निर्धारण का तरीका बताता है।

(ii) यह पदार्थों के आण्विक द्रव्यमान और वाष्प घनत्व *(V.D.)* के मध्य सम्बन्ध को बताता है।

(iii) यह गैस के निश्चित मात्रा के आयतन के निर्धारण में मदद करता है।

$\therefore$ 1 मि.ली. गैस का आयतन = V.D. × 0.0000897 ग्राम

(iv) यह *N.T.P.* पर गैस के मोलर आयतन के निर्धारण में भी मदद करता है।

$\because$ वाष्प घनत्व $\times$ 0.0000897 ग्राम गैस का आयतन = 1 मि.ली.

$\therefore$ 2 $\times$ वाष्प घनत्व (अर्थात आण्विक द्रव्यमान) ग्राम आयतन

$$= \frac{1 \times 2 \times V.D.}{V.D. \times 0.0000897} \text{ मि.ली.} = 22400 \text{ मि.ली.}$$

$\therefore$ S.T.P. पर गैस का आण्विक द्रव्यमान या इसका एक मोल 22.4 लीटर आयतन रखता है

(v) यह गैसों के आण्विक सूत्रों के निर्धारण में मदद करता है तथा गैस के विश्लेषण *(Analysis)* में बहुत उपयोगी है, किसी क्रिया में क्रियाकारकों और क्रियाफलों के आण्विक आयतन की सहायता से आण्विक संगठन को आसानी से निर्धारित किया जा सकता है।

## परमाण्विक, आण्विक और तुल्यांकी द्रव्यमान (Atomic, molecular and Equivalent masses)

(1) **परमाण्विक द्रव्यमान** (Atomic Mass) : यह तत्व के परमाणु का आपेक्षिक औसत द्रव्यमान है जो कि कार्बन–12 समस्थानिक के एक परमाणु के 1/12 भाग के बराबर होता है।

$$\text{परमाण्विक द्रव्यमान} = \frac{\text{एक परमाणु का औसत द्रव्यमान}}{1/12 \times C^{12} \text{ के परमाणु का द्रव्यमान}}$$

**औसत परमाणु द्रव्यमान** (Average atomic mass) : यदि एक तत्व जिसके दो समस्थानिक जो कि अस्तित्व में हैं इनके द्रव्यमान क्रमशः 'a' और 'b' हैं जिनका अनुपात $m : n$ है तब औसत परमाण्विक द्रव्यमान $= \frac{(m \times a) + (n \times b)}{m + n}$ होगा चूँकि यह परमाण्विक द्रव्यमानों का अनुपात है अतः इसकी कोई इकाई नहीं है इसे *amu* द्वारा प्रदर्शित किया जाता है।

1 *amu* = $1.66 \times 10^{-24}$ ग्राम, एक परमाण्विक द्रव्यमान इकाई (amu) कार्बन -12 समस्थानिक के एक परमाणु के द्रव्यमान के $\frac{1}{12}$ वें भाग के बराबर होती है।

**ग्राम परमाण्विक द्रव्यमान** [Gram atomic mass (GAM)] : एक तत्व के द्रव्यमान को ग्राम में ग्राम परमाण्विक द्रव्यमान या ग्राम परमाणु या मोल परमाणु कहते हैं।

(i) ग्राम परमाणुओं या मोल परमाणुओं की संख्या

$$= \frac{\text{एक तत्व का द्रव्यमान}}{\text{GAM}}$$

(ii) ग्राम में एक तत्व का द्रव्यमान = ग्राम परमाणुओं की संख्या $\times$ GAM

(iii) 1 GAM में परमाणुओं की संख्या = $6.02 \times 10^{23}$

$\therefore$ दिये गये पदार्थ में परमाणुओं की संख्या

$$= \text{GAM संख्या} \times 6.02 \times 10^{23} = \frac{\text{द्रव्यमान}}{\text{GAM}} \times 6.02 \times 10^{23}$$

(iv) तत्व के 1 ग्राम में परमाणुओं की संख्या $= \frac{6.02 \times 10^{23}}{\text{परमाण्विक द्रव्यमान}}$

(v) तत्व के एक परमाणु का द्रव्यमान (ग्राम में) $= \frac{\text{GAM}}{6.02 \times 10^{23}}$

**परमाण्विक द्रव्यमान के निर्धारण की विधियाँ** (Methods of determination of atomic mass)

(i) ***डुलोंग और पेटिट विधि*** (Dulong and Pettit's method) : डुलोंग और पेटिट के नियम के अनुसार

परमाणु द्रव्यमान $\times$ विशिष्ट ऊष्मा = 6.4 (लगभग)

$$\text{परमाणु द्रव्यमान (लगभग)} = \frac{6.4}{\text{विशिष्ट ऊष्मा (कैलोरी में)}}$$

यह नियम *Be, B, C* और *Si* को छोड़कर सभी ठोस तत्वों पर लागू होता है क्योंकि इनकी विशिष्ट ऊष्मा ताप के साथ परिवर्तित होती है।

परमाण्विक द्रव्यमान = तुल्यांकी द्रव्यमान $\times$ संयोजकता

$$\text{संयोजकता} = \frac{\text{परमाण्विक द्रव्यमान (लगभग)}}{\text{तुल्यांकी द्रव्यमान}}$$

(ii) ***वाष्प घनत्व विधि*** (Vapour density method) : यह उन तत्वों के लिए उपयोगी है जिनके क्लोराइड वाष्पशील होते हैं।

$$\text{तत्व की संयोजकता} = \frac{\text{क्लोराइड का आण्विक द्रव्यमान}}{\text{क्लोराइड का तुल्यांकी द्रव्यमान}}$$

$$= \frac{2 \times \text{क्लोराइड का वाष्प घनत्व}}{\text{धातु का तुल्यांकी द्रव्यमान} + 35.5}$$

परमाणुक द्रव्यमान = धातु का तुल्यांकी द्रव्यमान $\times$ संयोजकता

(iii) ***विशिष्ट ऊष्मा विधि*** (Specific heat method) : यह विधि केवल गैसों के लिए उपर्युक्त है, गैसों की विशिष्ट ऊष्मायें दो प्रकार की होती हैं $C_p$ (स्थिर दाब पर) और $C_v$ (स्थिर आयतन पर), $C_p$ और $C_v$ के अनुपात को $\gamma$ कहते हैं जिसका मान स्थिर रहता है *(*1.66 एक परमाण्विक अणु के लिए, 1.40 द्विपरमाण्विक अणु के लिए और 1.33 गैस के त्रिपरमाण्विक अणु के लिए है*)*

$$\text{गैसीय तत्व का परमाण्विक द्रव्यमान} = \frac{\text{आण्विक द्रव्यमान}}{\text{परमाण्विकता}}$$

(iv) ***समरूपता विधि*** (Isomorphism method) : यह समरूपता के नियम पर आधारित है इसके अनुसार यौगिक जिनकी जालक संरचना समान है उनका संघटन और रासायनिक सूत्र भी समान ही होगा।

उदाहरण : $K_2SO_4, K_2CrO_4$ और $K_2SeO_4$

(*S, Cr, Se* की संयोजकता = 6),

$ZnSO_4.7\,H_2O,\ MgSO_4.7\,H_2O,\ FeSO_4.7\,H_2O$

(*Zn, Mg, Fe* की संयोजकता= 2)

(2) **आण्विक द्रव्यमान** : किसी तत्व या यौगिक के एक अणु का द्रव्यमान इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है कि वह कार्बन–12 के एक परमाणु के $\frac{1}{12}$ वें भाग से कितना गुना अधिक है चूँकि आण्विक द्रव्यमान एक अनुपात है अतः इसकी कोई इकाई नहीं है इसे *a.m.u.* से प्रदर्शित किया जाता है।

$$\text{आण्विक द्रव्यमान} = \frac{\text{पदार्थ के एक अणु का द्रव्यमान}}{1/12 \times C-12 \text{ के एक परमाणु का द्रव्यमान}}$$

एक अणु का वास्तविक द्रव्यमान=आण्विक द्रव्यमान $\times 1.66 \times 10^{-24}$ ग्राम

आण्विक द्रव्यमान पदार्थ का योगात्मक गुण है जिसका मान एक अणु में उपस्थित सभी परमाणुओं के परमाणु भारों का योगकर ज्ञात किया जा सकता है।

**ग्राम आण्विक द्रव्यमान** (GMM) **और ग्राम मोलर आयतन** : एक तत्व या यौगिक का आण्विक द्रव्यमान जब ग्राम में प्रदर्शित किया जाता है तब इसे इसका ग्राम आण्विक द्रव्यमान, ग्राम अणु द्रव्यमान या मोल अणु द्रव्यमान कहते हैं।

ग्राम अणुओं या मोल अणुओं की संख्या = $\frac{\text{पदार्थ का आयतन}}{\text{GMM}}$

पदार्थ का ग्राम में आयतन = ग्राम अणुओं की संख्या × GMM

STP पर किसी गैस के एक मोल का आयतन **ग्राम मोलर आयतन** कहलाता है इसका मान 22.4 लीटर होता है। *STP* पर एक मोल का आयतन = 22.4 लीटर होता है।

**द्रव्यमान और घनत्व के लिए सम्बन्ध**

किसी गैस का STP पर 11.2 लीटर का द्रव्यमान,

= गैस का वाष्प घनत्व ग्राम/ मि.ली.

NTP पर गैस का घनत्व = $\frac{\text{ग्राम में आण्विक द्रव्यमान}}{22400 \text{ मि.ली.}}$

**महत्वपूर्ण तथ्य**

पदार्थ में परमाणुओं की संख्या

= GMM की संख्या $\times 6.02 \times 10^{23} \times$ परमाण्विकता

दिये गये पदार्थों में इलेक्ट्रोनों की संख्या

= GMM की संख्या $\times 6.02 \times 10^{23} \times$ इलेक्ट्रॉनों की संख्या

**आण्विक द्रव्यमान के निर्धारण की विधियाँ :** आण्विक द्रव्यमान के निर्धारण के लिए निम्न विधियाँ उपयोग में आती हैं।

(i) ***विसरण विधि*** (Diffusion method) (गैसों के लिए) : दो गैसों की विसरण की दरों का अनुपात उनके आण्विक द्रव्यमानों के वर्गमूल के अनुपात के व्युत्क्रमानुपाती होता है।

$$\frac{r_1}{r_2} = \sqrt{\frac{M_2}{M_1}}$$

(ii) ***वाष्प घनत्व विधि*** (Vapour density method) (केवल गैसों के लिए) : वाष्प का निश्चित मात्रा का आयतन समान परिस्थितियों में हाइड्रोजन के निश्चित मात्रा के आयतन के तुल्य होता है इनके द्रव्यमानों का अनुपात **वाष्प घनत्व** या **आपेक्षिक घनत्व** कहलाता है।

आण्विक द्रव्यमान = 2 × वाष्प घनत्व

(iii) ***विक्टर मेयर विधि*** (वाष्पशील द्रवों और ठोसों के लिए) : यह डॉल्टन के आंशिक दाब और ऐवोगेड्रो परिकल्पना (ग्राम मोलर आयतन) पर आधारित है।

पदार्थ की वाष्प का 22400 मि.ली. = पदार्थ का आण्विक द्रव्यमान

(iv) ***अणुसंख्यक गुण पर आधारित विधि*** (अवाष्पशील ठोसों के लिए) : इसमें विलयन के अणुसंख्यक गुणधर्मों का अध्ययन करते हैं।

**औसत परमाण्विक द्रव्यमान और आण्विक द्रव्यमान**

$\overline{A}$ (औसत परमाण्विक द्रव्यमान) = $\frac{\sum A_i X_i}{\sum X}$ ; $\overline{M}$

(औसत आण्विक द्रव्यमान) = $\frac{\sum M_i X_i}{\sum X}$

जहाँ $A_1, A_2, A_3, ....$ 1,2,3 आदि स्पीशीज के परमाण्विक द्रव्यमान हैं इसके समान आण्विक द्रव्यमान भी हैं।

(3) **तुल्यांकी द्रव्यमान** (Equivalent mass) : यह पदार्थ के द्रव्यमान के अंशो की वह संख्या है जो 1.008 अंश हाइड्रोजन के द्रव्यमान या 8.0 अंश ऑक्सीजन के द्रव्यमान या 35.5 अंश क्लोरीन के द्रव्यमान को विस्थापित कर देती है इसे तुल्यांकी द्रव्यमान कहा जाता है।

*GEM* की संख्या = $\frac{\text{ग्राम में पदार्थ का द्रव्यमान}}{\text{पदार्थ का } GEM}$

**तुल्यांकी द्रव्यमान (EM) के लिए प्रदर्शित सूत्र**

(i) तत्व का EM = $\frac{\text{परमाण्विक द्रव्यमान}}{\text{संयोजकता}}$

(ii) अम्ल का EM = $\frac{\text{आण्विक द्रव्यमान}}{\text{भास्मिकता या क्षारकता}}$

(अम्ल की भास्मिकता अम्ल के एक अणु में उपस्थित विस्थापनशील हाइड्रोजन परमाणुओं की संख्या के बराबर होती है)।

(iii) क्षार का EM = $\frac{\text{आण्विक द्रव्यमान}}{\text{अम्लीयता}}$

(क्षार की अम्लीयता क्षार के एक अणु में उपस्थित विस्थापनशील $-OH$ समूह की संख्या के बराबर होती है)

(iv) लवण का EM = $\frac{\text{सूत्र द्रव्यमान}}{\text{कुल धन या ऋण आवेश}}$

(v) अपचायक का EM

= $\frac{\text{सूत्र द्रव्यमान}}{\text{प्रति अणु क्षय इलेक्ट्रॉनों की संख्या या ऑक्सीकरण संख्या में कुल परिवर्तन}}$

**तुल्यांकी द्रव्यमान के निर्धारण की विधियाँ**

(i) ***हाइड्रोजन विस्थापन विधि*** : धातु का वह द्रव्यमान जो कि 11200 मि.ली. के हाइड्रोजन को NTP पर अम्ल, क्षार या अल्कोहल से विस्थापित करा दे, धातु का तुल्यांकी द्रव्यमान कहलाता है।

(a) धातु का तुल्यांकी द्रव्यमान

$$= \frac{\text{धातु का द्रव्यमान}}{\text{विस्थापित } H_2 \text{ का द्रव्यमान}} \times 1.008 = \frac{W}{M} \times 1.008 \text{ ग्राम}$$

(b) धातु का तुल्यांकी द्रव्यमान

$$= \frac{\text{धातु का द्रव्यमान}}{H_2 \text{ का STP पर आयतन (मि.ली.)}} \times 11200$$

$$= \frac{W}{V} \times 11200$$

(ii) ***ऑक्साइड निर्माण विधि*** : तत्व की वह मात्रा जो 8 ग्राम ऑक्सीजन से संयोग करती है उस तत्व का तुल्यांकी द्रव्यमान कहलाती है।

(a) तत्व का तुल्यांकी द्रव्यमान = $\frac{\text{धातु का द्रव्यमान}}{\text{ऑक्सीजन का द्रव्यमान}} \times 8$

(b) तत्व का तुल्यांकी द्रव्यमान

$$= \frac{\text{धातु का द्रव्यमान}}{\text{S.T.P. पर ऑक्सीजन का आयतन (मि.ली. में)}} \times 5600$$

(iii) ***क्लोराइड निर्माण विधि*** : तत्व का वह द्रव्यमान जो 35.5 ग्राम क्लोरीन से क्रिया करे, तत्व का तुल्यांकी द्रव्यमान कहलाता है।

(a) धातु का तुल्यांकी द्रव्यमान = $\frac{\text{धातु का द्रव्यमान}}{\text{क्लोरीन का द्रव्यमान}} \times 35.5$

(b) धातु का तुल्यांकी द्रव्यमान

$$= \frac{\text{धातु का द्रव्यमान}}{\text{STP पर क्लोरीन का मि.ली. में आयतन}} \times 11200$$

(iv) ***उदासीनीकरण विधि*** (अम्लों और क्षारों के लिए)

अम्ल या क्षार का तुल्यांकी द्रव्यमान = $\frac{W}{V \times N}$

जहाँ, $W$ = ग्राम में अम्ल या क्षार का द्रव्यमान है, $V$ = अम्ल या क्षार का उदासीनीकरण के लिए लीटर में आवश्यक आयतन है, $N$ = अम्ल या क्षार की नॉर्मलता है।

(v) ***धातु विस्थापन विधि*** : यह इस तथ्य पर आधारित है कि एक ग्राम, अधिक विद्युत धनात्मक धातु, एक ग्राम कम विद्युत धनात्मक धातु को इसके लवण विलयन से विस्थापित कर देती है।

$$\frac{\text{संयोजित धातु का द्रव्यमान}}{\text{विस्थापित धातु का द्रव्यमान}}=\frac{\text{संयोजित धातु का तुल्यांकी द्रव्यमान}}{\text{विस्थापित धातु का तुल्यांकी द्रव्यमान}};$$

$$\frac{W_1}{W_2}=\frac{E_1}{E_2}$$

(vi) ***विद्युतअपघटनी विधि*** (Electrolytic method) : 1 फैराडे विद्युत प्रवाहित करने पर पदार्थ की वह मात्रा जो इलेक्ट्रोड़ से क्रिया करती है अथवा इलेक्ट्रोड़ पर प्राप्त होती है वह इसके ग्राम तुल्यांक द्रव्यमान के समान होती है।

ग्राम तुल्यांक द्रव्यमान = विद्युत रासायनिक तुल्यांक $\times 96500$

समान विद्युत प्रवाहित करने पर दो धातुओं के द्रव्यमानों का अनुपात जो कि इलेक्ट्रोड़ों पर जमा होते हैं वह उनके तुल्यांकी द्रव्यमानों के अनुपात में होता है।

$$\frac{W_1}{W_2}=\frac{E_1}{E_2}$$

(vii) ***द्वि–विखण्डन विधि*** (Double decomposition method) :

$$AB + CD \longrightarrow AD\downarrow + CB$$

$$\frac{AB\text{ यौगिक का द्रव्यमान}}{AD\text{ यौगिक का द्रव्यमान}}=\frac{A\text{ का तुल्यांकी द्रव्यमान}+B\text{ का तुल्यांकी द्रव्यमान}}{A\text{ का तुल्यांकी द्रव्यमान}+D\text{ का तुल्यांकी द्रव्यमान}}$$

या $$\frac{\text{लिए गये लवण का द्रव्यमान }(W_1)}{\text{प्राप्त अवक्षेप का द्रव्यमान }(W_2)}$$

$$=\frac{\text{लवण का तुल्यांकी द्रव्यमान}(E_1)}{\text{अवक्षेपित अवस्था में लवण का तुल्यांकी द्रव्यमान}(E_2)}$$

(viii) ***परिवर्तनीय विधि*** (Conversion method) : जब धातु का एक यौगिक उसी धातु के दूसरे यौगिक में बदलता है तब–

$$\frac{\text{I यौगिक का द्रव्यमान }(W_1)}{\text{II यौगिक का द्रव्यमान }(W_2)}=\frac{E+\text{I मूलक का तुल्यांकी द्रव्यमान}}{E+\text{II मूलक का तुल्यांकी द्रव्यमान}}$$

($E$ = धातु का तुल्यांकी द्रव्यमान)

(ix) ***वाष्पशील क्लोराइड विधि*** (Volatile chloride method)

$$\text{धातु की संयोजकता}=\frac{2\times\text{क्लोराइड का वाष्प घनत्व}}{\text{धात्विक क्लोराइड का तुल्यांकी द्रव्यमान}}$$

$$=\frac{2\times \text{V.D.}}{\text{E}+35.5}\quad \therefore\ E=\frac{2\times\text{क्लोराइड का वाष्प घनत्व}}{\text{संयोजकता}}-35.5$$

(x) ***सिल्वर लवण विधि (कार्बनिक अम्लों के लिए)***

अम्ल का तुल्यांकी द्रव्यमान

$$=\frac{108\times\text{सिल्वर लवण का द्रव्यमान}}{Ag\text{ धातु का द्रव्यमान}}-107$$

अम्ल का आण्विक द्रव्यमान = अम्ल का तुल्यांकी द्रव्यमान × भास्मिकता

## मोल परिकल्पना (Mole concept)

किसी भी पदार्थ के एक मोल में किसी भी प्रकार के कणों की (परमाणु या अणु या आयनों) की एक सीमित संख्या होती है $(6.022\times10^{23})$ जिनका द्रव्यमान ग्राम में परमाण्विक या आण्विक भार के समान होता है। इस प्रकार हीलियम के मोल, इलेक्ट्रॉनों के मोल एवं $Na^+$ आयन के मोल को दर्शाना सत्य है अर्थात क्रमशः परमाणुओं, इलेक्ट्रॉनों और आयनों की एवोगेड्रो संख्या है।

$$\therefore\ \text{मोलो की संख्या}=\frac{\text{भार (ग्राम में)}}{\text{एक मोल का भार (ग्राम/मोल)}}$$

$$\Rightarrow \frac{\text{भार}}{\text{परमाण्विक या अण्विक भार}}$$

## प्रतिशत संगठन एवं अणु सूत्रा (Percentage composition and molecular formula)

(1) **यौगिक का प्रतिशत संघटन** (Percentage composition of a compound) : यौगिक का प्रतिशत संघटन प्रत्येक संघटक तत्व का इसके 100 भाग में द्रव्यमान है यदि यौगिक का आण्विक द्रव्यमान $M$ और $B$ इस अणु में उपस्थित तत्व का द्रव्यमान है, तब

$$\text{तत्व का प्रतिशत}=\frac{\text{तत्व का द्रव्यमान}}{\text{आण्विक द्रव्यमान}}\times100=\frac{X}{M}\times100$$

(2) **मूलानुपाती सूत्र की गणना** (Determination of empirical formula) : एक अणु का मूलानुपाती सूत्र उसमें उपस्थित तत्वों के % का उपयोग करके ज्ञात करते हैं। इसके लिये निम्न विधि अपनायी जाती हैं।

| तत्व | परमाणुओं की सापेक्षिक संख्या | % | सरलतम अनुपात | मूलानुपाती सूत्र | % परमाणु भार |
|---|---|---|---|---|---|

**परमाणुओं की सापेक्षिक संख्या** : यौगिक में उपस्थित प्रत्येक तत्व के प्रतिशत का उसके परमाणु भार से भाग देते हैं। इससे हमें अणु में तत्व के परमाणुओं की सापेक्षिक संख्या प्राप्त होती है।

**सरलतम अनुपात** (Simplest ratio) : तत्वों के सरलतम अनुपात के आँकलन के लिये परमाणुओं की संख्या का निम्नतम मान ज्ञात करके इस मान से परमाणुओं की सापेक्षिक संख्या के प्रत्येक मान का भाग देते हैं।

प्राप्त सरलतम अनुपात पूर्ण पूर्णांक नहीं होता है। सरलतम अनुपात के पूर्णांक मान को प्राप्त करने के लिये उनका एक उभयनिष्ठ गुणनखण्ड से गुणन करते हैं।

**मूलानुपाती सूत्र** (Empirical formula) : सरलतम अनुपात मे उदभूत सभी संघटक परमाणुओं को उनके परमाणुओं की सापेक्षिक संख्या के साथ लिखते हैं। इससे हमें यौगिक का मूलानुपाती सूत्र प्राप्त होता है।

**आण्विक सूत्र** –

आण्विक सूत्र = $n\times$मूलानुपाती सूत्र

जहाँ $n$ एक पूर्ण संख्या है।

$$n=\frac{\text{यौगिक का अण्विक भार}}{\text{यौगिक का मूलानुपाती सूत्र भार}}$$

## रासायनिक रससमीकरणमिति (Chemical stoichiometry)

रससमीकरणमिति रासायनिक अभिक्रिया में शामिल अभिकारकों और उत्पादों की मात्रा की गणना है। इसका अर्थ यह है कि रासायनिक संयोजन एवं अभिक्रिया की मात्रात्मक गणना रससमीकरणमिती कहलाती है।

मूलतः इस अध्याय में दो प्रकार की गणनाऐं सम्मिलित होती हैं।

(a) सरल गणना (भारात्मक विश्लेषण) एवं

(b) विलयनों के आयतन एवं सान्द्रता सम्मिलित अधिक जटिल गणनायें (आयतनात्मक विश्लेषण)

यहाँ कोई सीमारेखा नहीं है जो भारात्मक एवं आयतनात्मक विश्लेषण के लिये अनुप्रयोगित नियमों के समुच्चय को भिन्नित कर सकती है। एक के लिये उपयोगी सभी नियम दूसरे के लिये भी समान रुप से अनुप्रयोगित होते हैं। अर्थात मोल के साथ साथ तुल्यांकी संकल्पना। किन्तु, वास्तविकता में भारात्मक विश्लेषण पर आधारित समस्याओं में सरल अभिक्रियायें होती हैं। इसलिये मोल संकल्पना सुविधाजनक है। जबकि आयतनात्मक अभिक्रियायें जटिल और अज्ञात होती हैं। (अज्ञात का सरल अर्थ यह है कि जो आपको ज्ञात ना हो, सभी संभावित अभिक्रियायों को याद रखना आपके लिये सम्भव नहीं है) इसलिये तुल्यांकी संकल्पना प्रयोग करने में आसानी होती है। इसमें संतुलित अभिक्रिया की जानकारी की आवश्यकता नहीं होती है।

(1) **भारात्मक विश्लेषण** (Gravimetric analysis) : भारात्मक विश्लेषण में हम दो पदार्थो का भार, या गैस के आयतन के साथ पदार्थ का भार या दो या अधिक गैसों के भार को संबंधित करते हैं।

**द्रव्यमान–द्रव्यमान संबंध पर आधारित समस्यायें**

निम्नलिखित निर्देशों के आधार पर ये समस्यायें हल की जाती हैं।

(i) रासायनिक परिवर्तन प्रदर्शित करने के लिये संतुलित समीकरण लिखें।

(ii) अभिकारकों एवं उत्पादों के सूत्र के नीचे मोलों की संख्या लिखें। सूत्र के नीचे अभिकारकों और उत्पादों के सापेक्षिक भार भी लिखें (जो आण्विक सूत्र की गणना से प्राप्त हुए हैं)।

(iii) अज्ञात गणकों की गणना के लिये यूनिटरी विधि का प्रयोग करें।

**द्रव्यमान–आयतन संबंध पर आधारित समस्यायें**

निम्नलिखित निर्देशों के आधार पर द्रव्यमान आयतन संबंध पर आधारित समस्यायें हल की जा सकती हैं।

(i) संबंधित संतुलित रासायनिक समीकरणों को लिखें।

(ii) विभिन्न ठोस अभिकारकों और उत्पादों के भारों को लिखें।

(iii) गैसें सामान्यतः आयतनों के पदों में व्याख्यित होती हैं। यदि गैस का आयतन सामान्य ताप एवं दाब पर मापा गया हो (या N.T.P. के अलावा दूसरी स्थितियों में) तो इसे गैस समीकरण द्वारा N.T.P. में परिवर्तित करें।

(iv) किसी ताप एवं दाब पर गैस का आयतन $PV = \frac{g}{M} \times RT$ संबंध द्वारा इसके भार में परिवर्तित किया जा सकता है या इसके विपरीत, जहाँ $g$ गैस का भार है, $M$ गैस का अण्विक भार है, $R$ गैस स्थिरांक है। अज्ञात गणक की गणना यूनिटरी विधि द्वारा करें।

**आयतन–आयतन संबंध पर आधारित समस्यायें**

इस प्रकार की समस्याये रासायनिक समीकरण के अनुसार हल की जा सकती हैं।

(i) संबंधित संतुलित रासायनिक समीकरण लिखें।

(ii) प्रत्येक गैसीय पदार्थ के 1 ग्राम अणु N.T.P. पर 22.4 लीटर घेरते हैं इस तथ्य की सहायता से अभिकारक एवं उत्पाद प्रत्येक के सूत्र के नीचे अभिकारकों एवं उत्पादों के आयतन लिखें।

(iii) यदि गैस का आयतन नियत ताप पर मापा जाता है। तो आदर्श गैस समीकरण का उपयोग करके आयतन को "NTP में परिवर्तित करें। एवोगेड्रो की परिकल्पना के अनुसार" विभिन्न गैसों के समान आयतन में ताप एवं दाब की समान स्थितियों पर अणुओं की समान संख्या होती है।

(2) **आयतनात्मक विश्लेषण** (Volumetric analysis) : किसी पदार्थ की मात्रा जो विलयन मे उपस्थित है उसके भारात्मक निर्धारण के लिए यह विधि अपनायी जाती है इसके लिए विश्लेषित व मानक विलयन आवश्यक होता है।

किसी अज्ञात विलयन की सान्द्रता को ज्ञात विलयन के साथ ज्ञात करना अनुमापन कहलाता है। विभिन्न प्रकार के अनुमापन सम्भव हैं जो नीचे दिये गये हैं,

(i) ***रेडॉक्स अनुमापन*** (Redox titrations) : किसी ऑक्सीकारक या अपचायक पदार्थ की शक्ति को निर्धारित किया जाता है इसके लिए अपचायक या आक्सीकारकों के मानक विलयन लिए जाते हैं।

उदाहरण :

$$K_2Cr_2O_7 + 4H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + Cr_2(SO_4)_3 + 4H_2O + 3[O]$$
$$[2FeSO_4 + H_2SO_4 + O \rightarrow Fe_2(SO_4)_3 + H_2O] \times 3$$
$$6FeSO_4 + K_2Cr_2O_7 + 7H_2SO_4 \rightarrow 3Fe(SO_4)_3 + K_2SO_4 + Cr_2(SO_4)_3 7H_2O$$

$$2KMnO_4 + 3H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 3H_2O + 5[O]$$
$$[2FeSO_4 + H_2SO_4 + O \rightarrow Fe_2(SO_4)_3 + H_2O] \times 5$$
$$10FeSO_4 + 2KMnO_4 + 8H_2SO_4 \rightarrow 5Fe_2(SO_4)_3 + K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 8H_2O$$

ठीक इसी प्रकार $H_2C_2O_4$ के साथ

$$2KMnO_4 + 3H_2SO_4 + 5H_2C_2O_4 \rightarrow K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 8H_2O + 10CO_2$$

आदि ।

(ii) ***अम्ल क्षार अनुमापन*** (*Acid-base titrations*) : अम्ल की शक्ति या क्षार की शक्ति को क्षार या अम्ल के मानक विलयन द्वारा ज्ञात किया जाता है।

उदाहरण : $NaOH + HCl \rightarrow NaCl + H_2O$ व

$NaOH + CH_3COOH \rightarrow CH_3COONa + H_2O$ आदि

(iii) ***आयोडीमिति अनुमापन*** (*Iodimetric titration*) : यह सरल अनुमापन है। जिसमें मुक्त आयोडीन सम्मिलित होती है। इसमें ज्ञात सोडियम थायोसल्फेट विलयन के साथ जिसकी नॉर्मलता $N$ है, आयोडीन विलयन का अनुमापन होता है। माना कि सोडियम थायोसल्फेट का आयतन $V$ मि.ली. है।

$$I_2 + 2Na_2S_2O_3 \rightarrow 2NaI + Na_2S_4O_6$$

$n = 2, n = 1$

$I_2$ की तुल्यांकता $= Na_2S_2O_3$ की तुल्यांकता

$\therefore$ $I_2$ की तुल्यांकता $= N \times V \times 10^{-3}$

$I_2$ के मोल $= \frac{N \times V \times 10^{-3}}{2}$

विलयन में मुक्त $I_2$ का द्रव्यमान $= \left[\frac{N \times V \times 10^{-3}}{2} \times 254\right] g$

(iv) ***आयडोमिति अनुमापन*** (*Iodometric titration*) : यह आयोडीन के आँकलन की अप्रक्षेप्य विधि है। ठोस $KI$ की अधिकता के साथ एक ऑक्सीकारक अभिक्रिया करता है। ऑक्सीकारक $I^-$ को $I_2$ में ऑक्सीकृत करता है। यह आयोडीन फिर $Na_2S_2O_3$ विलयन के साथ अभिक्रिया करती है।

ऑक्सीकारक –

$$(A) + KI \rightarrow I_2 \xrightarrow{2Na_2S_2O_3} 2NaI + Na_2S_4O_6$$

माना कि $Na_2S_2O_3$ विलयन की नॉर्मलता $N$ है एवं थायोसल्फेट का $V$ मि.ली. आयतन उपयोग हो जाता है।

$A$ की तुल्यांकता $= I_2$ की तुल्यांकता $= Na_2S_2O_3$ की तुल्यांकता

$KI$ से उत्सर्जित $I_2$ की तुल्यांकता $= N \times V \times 10^{-3}$

$KI$ से उत्सर्जित $I_2$ के मोल $= \frac{N \times V \times 10^{-3}}{2}$

$KI$ से उत्सर्जित $I_2$ का द्रव्यमान $= \left[\frac{N \times V \times 10^{-3}}{2} \times 254\right] g$

(v) ***अवक्षेपण अनुमापन*** (*Precipitation titrations*) : $CN^-, ASO_3^{-3}, PO_4^{-3}, X^-$ ऋणायनों के निर्धारण में $AgNO_3$ के साथ अवक्षेपण अनुमापन करते हैं।

$$NaCl + AgNO_3 \rightarrow AgCl \downarrow + HaNO_3$$

$$KSCN + AgNO_3 \rightarrow AgSCN \downarrow + KNO_3$$

**अन्तिम बिन्दु व तुल्यांक बिन्दु** (**End point and equivalence point**) : वह बिन्दु जिस पर अनुमापन रूक जाता है उसे अन्तिम बिन्दु कहते हैं जबकि वह बिन्दु जिस पर अम्ल व क्षारों की तुल्यांक मात्रायें आपस में मिश्रित की जाती हैं यह तुल्यांक बिन्दु कहलाता है इसी उद्देश्य के लिये **सूचक** अनुमापन में प्रयुक्त किये जाते हैं सूचक बताता है कि पदार्थ तुल्यांक मात्रा में मिल चुके हैं, यह महत्वपूर्ण है कि अन्तिम बिन्दु और तुल्यांक बिन्दु के मान अत्यन्त निकट के भी हो सकते हैं ।

**नॉर्मल विलयन** (Normal solution) : एक लीटर विलयन में विलेय का एक ग्राम तुल्यांक विलेय होने पर उस विलयन को नॉर्मल विलयन कहते हैं जैसे 40 ग्राम *NaOH* एक लीटर *NaOH* विलयन में उपस्थित होने पर विलयन नॉर्मल होगा, जबकि विलयन का प्रभाज एक लीटर में विलेय होने पर उसे सब नॉर्मल विलयन कहते हैं जैसे : *N*/2 या 0.5 *N* विलयन

**आयतनात्मक विश्लेषण आंकिक समस्याओं पर आधारित सूत्र**

(1) विलयन की शक्ति = किसी पदार्थ की ग्राम / लीटर में मात्रा

(2) विलयन की शक्ति = ग्राम मोल प्रति लीटर में मात्रा

(3) विलयन की शक्ति = नॉर्मलता × तुल्यांकी भार = मोलरता × विलेय का अणुभार

(4) $\text{मोलरता} = \dfrac{\text{विलेय के मोलों की संख्या}}{\text{विलयन का लीटर में आयतन}}$

(5) $\text{मोलों की संख्या} = \dfrac{\text{ग्रामों में द्रव्यमान}}{\text{अणुभार}}$

$M \times V_{(in\,l)} = \dfrac{\text{लीटर में आयतन}}{22.4}$ NTP पर (गैसों के लिए)

(6) मि.ली. में मोलों की संख्या

$= \dfrac{\text{ग्राम में द्रव्यमान} \times 1000}{\text{तुल्यांकी द्रव्यमान}} = \text{मोलरता} \times \text{मि. ली. में आयतन}$

(7) $\text{तुल्यांकों की संख्या} = \dfrac{\text{ग्राम में द्रव्यमान}}{\text{तुल्यांकी भार}}$

$= x \times \text{मोलों की संख्या} \times \text{नॉर्मलता} \times \text{लीटर में आयतन}$

(8) $\text{मि.ली. तुल्यांकों की संख्या} = \dfrac{\text{ग्राम में द्रव्यमान} \times 1000}{\text{तुल्यांकी भार}}$

$= \text{नॉर्मलता} \times \text{मि.ली. में आयतन}$

(9) नॉर्मलता = $x \times$ मि.ली. मोलों की संख्या

$= x \times \text{मोलरता} = \dfrac{\text{ग्राम प्रति लीटर में शक्ति}}{\text{तुल्यांकी भार}}$

यहाँ $x = \dfrac{\text{अणु भार}}{\text{तुल्यांकी भार}}$, $x$ = संयोजकता या आवेश

(10) नॉर्मलता सूत्र, $N_1V_1 = N_2V_2$

(11) $\text{भारानुसार प्रतिशत} = \dfrac{\text{विलायक का द्रव्यमान}}{\text{विलयन का द्रव्यमान}} \times 100$

(12) $\text{आयतानुसार प्रतिशत} = \dfrac{\text{विलायक का द्रव्यमान}}{\text{विलयन का आयतन}} \times 100$

(13) शक्ति के अनुसार प्रतिशतता

$= \dfrac{\text{विलायक का द्रव्यमान}}{\text{विलयन का आयतन}} \times 100$

(14) $\text{विशिष्ट गुरूत्व} = \dfrac{\text{विलयन का द्रव्यमान}}{\text{विलयन का आयतन}}$

$= \text{एक मि.ली. विलयन का द्रव्यमान}$

(15) $\text{फॉर्मलता} = \dfrac{\text{आयनिक विलेय का द्रव्यमान}}{\text{विलेय का सूत्रभार} \times \text{आयतन}}$

(16) अणुभार = वाष्प घनत्व × 2 (केवल गैसों के लिए)

## सीमान्त अभिकर्मक (Limiting Reagent)

रासायनिक अभिक्रिया में जब एक या अधिक पदार्थ अधिक मात्रा में भाग लेते हैं तब अधिक मात्रा वाले ये पदार्थ अभिक्रिया पूर्ण होने पर वापस प्राप्त हो जाते हैं । जब इनमें से कोई एक अभिकारक पूर्ण रूप से खर्च हो जाता है तब रासायनिक अभिक्रिया रूक जाती है वे पदार्थ जो अभिक्रिया में कम मात्रा में उपस्थित होते हैं सीमान्त अभिकर्मक कहलाते हैं जबकि वे पदार्थ जो अधिकतम मात्रा में उपस्थित होते हैं वे आधिक्य अभिकर्मक कहलाते हैं।

किसी रासायनिक अभिक्रिया में 10 मोल $H_2$ व 7 मोल $O_2$ है

$$2\,H_2\,(g) + O_2\,(g) \longrightarrow 2\,H_2O(v)$$

| | $2H_2$ | $O_2$ | $2H_2O$ |
|---|---|---|---|
| अभिक्रिया के पहले | 10 | 7 | 0 |
| अभिक्रिया के बाद | 0 | 2 | 10 |

5 मोल $O_2$ के खर्च होने पर अभिक्रिया रूक जाती है तथा अभिक्रिया के पश्चात् $H_2$ नहीं बचती है इस प्रकार हाइड्रोजन इस क्रिया में सीमा अभिकर्मक है।

## Tips & Tricks

- नाभिकीय अभिक्रियाओं के लिये द्रव्यमान के संरक्षण का नियम अच्छा बंधन नहीं होता है।
- निश्चित अनुपात का नियम अरससमीकरण यौगिकों जैसे की ब्यूसिटाइट के लिये अच्छा बंधन नहीं होता है।
- निश्चित अनुपात का नियम, गुणन अनुपात का नियम एवं व्युत्क्रम अनुपात का नियम अच्छा बंधन नहीं रखता है। जब समान यौगिक समान तत्व के विभिन्न समस्थानिक के उपयोग द्वारा प्राप्त होते हैं। उदाहरण : $H_2O$ एवं $D_2O$ ।
- शब्द परमाणु ऑस्टवाल्ड द्वारा प्रस्तावित किया गया एवं अणु शब्द एवोगेड्रो द्वारा प्रस्तावित किया गया।
- तत्व की परिकल्पना रॉबर्ट बॉयल द्वारा प्रस्तावित की गई।
- गैसीय तत्व के अणु में उपस्थित परमाणुओं की संख्या परमाण्विकता कहलाती है।
- परमाणु द्रव्यमान एवं आण्विक द्रव्यमान दोनों केवल अनुपात हैं और इसलिये इनकी कोई इकाई नहीं होती है।
- $H_2O$ का 1 मोल $\neq H_2O$ के 22400 *cc* (क्योंकि यह एक द्रव्य है) इसके अलावा $H_2O$ का 1 मोल $= H_2O$ के 18 *cc* (क्योंकि $H_2O$ का घनत्व $= 1g/cc$ )
- $1MH_2SO_4 = 2NH_2SO_4$ .
- वृहद अणु पदार्थों के निम्नतम अणु भार को एक छोटे घटक के लिये विश्लेषण द्वारा परिकलित किया जा सकता है। जब यह माना जाता है कि वृहद अणु के एक अणु में केवल एक परमाणु है या छोटे संघटक का एक अणु है तब निम्नतम अणु भार प्राप्त होता है।

$$\text{निम्नतम अणु भार}, = \dfrac{\text{छोटे घटक का आण्विक / परमाण्विक भार}}{\text{प्रति ग्राम बृहद अणु के छोटे घटक का द्रव्यमान}}$$

# Ordinary Thinking

## Objective Questions

## सार्थक अंक, मापकों की इकाईयाँ द्रव्य एवं मिश्रण का पृथक्करण

1. एक फर्मी है [Haryana CEET 1994; DPMT 2004]
(a) $10^{-13}$ सेमी (b) $10^{-15}$ सेमी
(c) $10^{-10}$ सेमी (d) $10^{-12}$ सेमी

2. एक पिकोमीटर होता है
(a) $10^{-9}$ मीटर (b) $10^{-10}$ मीटर
(c) $10^{-11}$ मीटर (d) $10^{-12}$ मीटर

3. एक वायुमण्डल होता है
(a) 101.325 K $pa$ (b) 1013.25 $K\ pa$
(c) $10^5\ Nm$ (d) इनमें से कोई नहीं

4. दाब की इकाई किसके समान होती है [CBSE PMT 1995]
(a) ऊर्जा (b) बल
(c) प्रति इकाई आयतन ऊर्जा (d) प्रति इकाई आयतन बल

5. उपसर्ग $10^{18}$ समकक्ष है [Kerala MEE 2002]
(a) गिगा (b) नेनो
(c) मेगा (d) एक्सा

6. दी गई 161 सेमी, 0.161 सेमी, 0.0161 सेमी, संख्याओं हेतु, सार्थक अंक क्रमशः हैं [CBSE PMT 1998]
(a) क्रमशः 3, 4 तथा 5 (b) क्रमशः 3, 3 तथा 3
(c) क्रमशः 3, 3 तथा 4 (d) क्रमशः 3, 4 तथा 4

7. 0.00051 में सार्थक अंक हैं
(a) 5 (b) 3
(c) 2 (d) 4

8. निम्न में से किस हैलोजन का परिशोधन ऊर्ध्वपातन के द्वारा किया जाता है [Manipal PMT 2001]
(a) $F_2$ (b) $Cl_2$
(c) $Br_2$ (d) $I_2$

9. घनत्व में अंतर किसका आधार है [Kerala MEE 2002]
(a) परनिस्पंदन (b) आण्विक चलनी
(c) गुरूत्वीय पृथक्करण (d) आण्विक आकर्षण

10. निम्न में से कौनसा तत्व यह बताता है कि पृथ्वी पर जीवन है
(a) ऑक्सीजन (b) हाइड्रोजन
(c) कार्बन (d) आयरन

11. यौगिक जिसे स्वास्थय बनाये रखने के लिये साधारण नमक में मिलाया जाता है
(a) $KCl$ (b) $KBr$
(c) $NaI$ (d) $MgBr_2$

12. निम्न में से किसमें केवल एक ही तत्व है
(a) संगमरमर (b) हीरा
(c) काँच (d) बालूरेत

13. ज्ञात तत्वों में सर्वाधिक संख्या है [CPMT 1985]
(a) धातु (b) अधातु
(c) उपधातु (d) इनमें से कोई नहीं

14. निम्न में से कौन तत्व नहीं है
(a) हीरा (b) ग्रेफाइट
(c) सिलिका (d) ओजोन

15. $ZnCl_2$ तथा $PbCl_2$ के मिश्रण को पृथक किया जा सकता है [AFMC 1989]
(a) आसवन द्वारा (b) क्रिस्टलीकरण द्वारा
(c) उर्ध्वपातन द्वारा (d) एसीटिक अम्ल मिलाकर

16. मेथिल एल्कोहल तथा एसीटोन का मिश्रण किस विधि से पृथक किया जा सकता है [Manipal PMT 2001]
(a) आसवन (b) प्रभाजी आसवन
(c) भाप आसवन (d) कम दाब पर आसवन

17. $\frac{(29.2-20.2)(1.79\times10^5)}{1.37}$ इस अभिव्यंजक के अंतिम उत्तर में सार्थक अंकों की संख्याएँ हैं [CBSE PMT 1994]
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

18. एथिल एल्कोहल के 81.4 ग्राम नमूने में 0.002 ग्राम जल है। शुद्ध एथिल एल्कोहल की मात्रा के लिये सही सार्थक अंक है
(a) 81.398 ग्राम (b) 71.40 ग्राम
(c) 91.4 ग्राम (d) 81 ग्राम

19. इकाई $J\ Pa^{-1}$ समकक्ष है
(a) मी $^3$ (b) सेमी $^3$
(c) डेसी मी $^3$ (d) इनमें से कोई नहीं

20. कौनसा भार मिलीग्राम के लगभग समान है
(a) 16 ग्राम (b) 16.4 ग्राम
(c) 16.428 ग्राम (d) 16.4284 ग्राम

21. $6.02\times10^{23}$ इस संख्या में सार्थक अंक हैं
(a) 23 (b) 3
(c) 4 (d) 26

22. उपसर्ग जेप्टो के लिए प्रयोग करते हैं [DPMT 2004]
(a) $10^9$ (b) $10^{-12}$
(c) $10^{-15}$ (d) $10^{-21}$

23. 3400 में सार्थक अंक हैं [BHU 2004]
(a) 2 (b) 5
(c) 6 (d) 4

24. 6.0023 में सार्थक अंकों की संख्या है [Pb.CET 2001]
(a) 5 (b) 4
(c) 3 (d) 1

25. दिया गया है $P = 0.0030\,m$, $Q = 2.40\,m$, $R = 3000\,m$, $P, Q$ एवं $R$ में सार्थक अंक क्रमशः हैं [Pb. CET 2002]
(a) 2, 2, 1 (b) 2, 3, 4
(c) 4, 2, 1 (d) 4, 2, 3

26. 60.0001 में सार्थक अंकों की संख्या है [Pb. CET 2000]
(a) 5 (b) 6
(c) 3 (d) 2

27. एक प्रतिदर्श को दो भिन्न तुलाओं का उपयोग करते हुये तौला गया। उनके परिणाम (i) 3.929 ग्राम (ii) 4.0 ग्राम थे। प्रतिदर्श के भार को कैसे सूचित किया जायेगा
(a) 3.929 ग्राम (b) 3 ग्राम
(c) 3.9 ग्राम (d) 3.93 ग्राम

## रासायनिक संयोजन के नियम

1. पदार्थों का कौन सा युग्म गुणित अनुपात के नियम की व्याख्या करता है [CPMT 1972, 78]

(a) $CO$ तथा $CO_2$ (b) $H_2O$ तथा $D_2O$

(c) $NaCl$ तथा $NaBr$ (d) $MgO$ तथा $Mg(OH)_2$

2. किसी ऑक्साइड के 1.0 ग्राम में 0.5 ग्राम $A$ उपस्थित है, $A$ के साथ ही दूसरे ऑक्साइड के 4.0 ग्राम में 1.6 ग्राम $A$ उपस्थित है ये आँकड़े दर्शाते हैं

(a) व्युत्क्रम अनुपात का नियम (b) स्थिर अनुपात का नियम

(c) ऊर्जा संरक्षण का नियम (d) गुणित अनुपात का नियम

3. निम्न में से कौन सा युग्म गुणित अनुपात के नियम को प्रदर्शित करता है

(a) $NH_3$ एवं $NCl_3$ (b) $H_2S$ एवं $SO_2$

(c) $CuO$ एवं $Cu_2O$ (d) $CS_2$ एवं $FeSO_4$

4. $CuO$ के विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त नमूनों में $Cu$ तथा ऑक्सीजन का प्रतिशत समान होता है। यह कथन व्याख्या करता है [AMU 1982, 92]

(a) स्थिर अनुपात का नियम (b) द्रव्यमान संरक्षण का नियम

(c) गुणित अनुपात का नियम (d) व्युत्क्रम अनुपात का नियम

5. लैड ऑक्साइड के दो नमूनों को हाइड्रोजन की उपस्थिती में पृथक–पृथक कर अपचायित करने पर लैड प्राप्त होता है। यदि प्रथम ऑक्साइड से प्राप्त लैड द्वितीय ऑक्साइड से प्राप्त लैड का आधा हो तो आँकड़े किस नियम को दर्शाते हैं [AMU 1983]

(a) व्युत्क्रम अनुपात का नियम (b) स्थिर अनुपात का नियम

(c) गुणित अनुपात का नियम (d) तुल्यांकी अनुपात का नियम

6. रासायनिक समीकरण को किस नियम के आधार पर संतुलित किया जाता है [AMU 1984]

(a) गुणित अनुपात (b) व्युत्क्रम अनुपात

(c) द्रव्यमान संरक्षण (d) स्थिर अनुपात

7. ऐवोगेड्रो संख्या है

(a) एक ग्राम तत्व में परमाणुओं की संख्या

(b) NTP पर एक मोल गैसीय पदार्थ में मिलीलीटरों की संख्या

(c) पदार्थ के ग्राम अणुभार में उपस्थित कुल अणुओं की संख्या

(d) ये सभी

8. नाइट्रोजन के विभिन्न ऑक्साइडों में ऑक्सीजन का भिन्न अनुपात दर्शाता है [MP PMT 1985]

(a) तुल्यांकी अनुपात (b) गुणित अनुपात

(c) स्थिर अनुपात (d) द्रव्य के संरक्षण का नियम

9. दो तत्वों $X$ तथा $Y$ के परमाणु भार क्रमशः 14 तथा 16 हैं। ये कई सारे यौगिक $A, B, C, D$ तथा $E$ का निर्माण करते हैं। जिसमें $X$ के किसी निश्चित भार हेतु $Y$ का अनुपात 1 : 2 : 3 : 4 : 5 है। यदि यौगिक $A$ में $X$ का 28 भाग तथा $Y$ के 16 भाग भार के अनुपात में उपस्थित हों तो यौगिक $C$ में 28 भाग $X$ तथा $Y$ का कितना भाग उपस्थित होगा [NCERT 1971]

(a) $Y$ के भार का 32 भाग (b) $Y$ के भार का 48 भाग

(c) $Y$ के भार का 64 भाग (d) $Y$ के भार का 80 भाग

10. कार्बन तथा ऑक्सीजन संयोग कर दो ऑक्साइड $CO$ तथा $CO_2$ का निर्माण करते हैं जिनमें कार्बन तथा ऑक्सीजन के भार का अनुपात 12 : 16 तथा 12 : 32 है। ये तथ्य व्याख्या करते हैं

(a) गुणित अनुपात का नियम (b) व्युत्क्रम अनुपात का नियम

(c) द्रव्यमान संरक्षण का नियम (d) स्थिर अनुपात का नियम

11. $(CaCO_3)$ के नमूने में निम्न प्रतिशत संघटन है : $Ca$ = 40%; $C$ = 12%; $O$ = 48%

यदि स्थिर अनुपात नियम लागू होता है तो $CaCO_3$ के 4 ग्राम नमूने में $Ca$ का भार होगा

(a) 0.016 ग्राम (b) 0.16 ग्राम

(c) 1.6 ग्राम (d) 16 ग्राम

12. पदार्थ $X$ के $n$ ग्राम पदार्थ $Y$ के $m$ ग्राम से क्रियाकर पदार्थ $R$ के $q$ ग्राम और $S$ के $p$ ग्राम बनाते हैं अभिक्रिया है $X + Y = R + S$ अभिकारकों तथा उत्पादों के भारों के सम्बन्ध में सही कथन है

(a) $n - m = p - q$ (b) $n + m = p + q$

(c) $n = m$ (d) $p = q$

13. द्रव्यमान संरक्षण के नियम का उत्तम उदाहरण है [NCERT 1975]

(a) 12 ग्राम कार्बन 32 ग्राम ऑक्सीजन से संयोग कर 44 ग्राम $CO_2$ का निर्माण करता है

(b) जब 12 ग्राम कार्बन को निर्वात में गर्म किया जाता है, तो भार में परिवर्तन नहीं होता है

(c) स्थिर दाब पर वायु के नमूने को गर्म करने पर उसके आयतन में वृद्धि होती है जबकि भार अपरिवर्तित रहता है

(d) प्लेटिनम के टुकड़े को वायु की उपस्थिती में गर्म करने से पूर्व तथा पश्चात् भार समान रहता है

14. गुणित अनुपात का नियम निम्न यौगिक दर्शाते हैं [NCERT 1972]

(a) सोडियम क्लोराइड तथा सोडियम ब्रोमाइड

(b) सामान्य तथा भारी जल

(c) कास्टिक सोडा तथा कास्टिक पोटाश

(d) सल्फर डाईऑक्साइड तथा सल्फर ट्राईऑक्साइड

15. एक यौगिक $A$ में 1.00 ग्राम नाइट्रोजन 0.57 ग्राम ऑक्सीजन से क्रिया करता है। यौगिक $B$ में 2.00 ग्राम नाइट्रोजन 2.24 ग्राम ऑक्सीजन से क्रिया करता है, जबकि यौगिक $C$ में 3.00 ग्राम नाइट्रोजन 5.11 ग्राम ऑक्सीजन से क्रिया करता है। उपरोक्त तथ्य निम्न नियम का पालन करते हैं [CPMT 1971]

(a) स्थिर अनुपात का नियम

(b) गुणित अनुपात का नियम

(c) व्युत्क्रम अनुपात का नियम

(d) डॉल्टन के आंशिक दाब का नियम

16. हाइड्रोजन ऑक्सीजन से क्रिया कर $H_2O$ का निर्माण करता है जिसमें 16 ग्राम ऑक्सीजन 2 ग्राम हाइड्रोजन से क्रिया करती है। 2 ग्राम हाइड्रोजन 6 ग्राम कार्बन से क्रिया कर $CH_4$ का निर्माण करती है, यदि कार्बन से क्रिया कर $CH_4$ का निर्माण करती है तो उनकी क्रिया करने का अनुपात है

(a) 6 : 16 या 12 : 32 (b) 6 : 18

(c) 1 : 2 (d) 12 : 24

**17.** 2 ग्राम हाइड्रोजन 16 ग्राम ऑक्सीजन से क्रिया कर जल का निर्माण करता है तथा 6 ग्राम कार्बन से क्रिया कर मेथेन का निर्माण करता है। कार्बन डाईऑक्साइड में 12 ग्राम कार्बन 32 ग्राम ऑक्सीजन से क्रिया करता है। ये तथ्य दर्शाते हैं

(a) गुणित अनुपात का नियम (b) स्थिर अनुपात का नियम
(c) व्युत्क्रम अनुपात का नियम (d) द्रव्यमान संरक्षण का नियम

**18.** एक तत्व दो ऑक्साइडों का निर्माण करता है, जिनमें क्रमशः 53.33 तथा 36.36 प्रतिशत ऑक्सीजन है। ये तथ्य दर्शाते हैं

(a) द्रव्यमान संरक्षण का नियम (b) स्थिर अनुपात का नियम
(c) व्युत्क्रम अनुपात का नियम (d) गुणित अनुपात का नियम

**19.** रासायनिक अभिक्रिया के पश्चात् अभिकारकों तथा उत्पादों का कुल भार [MP PMT 1989]

(a) हमेशा बढ़ता है (b) हमेशा घटता है
(c) परिवर्तित नहीं होता (d) हमेशा घटता या बढ़ता है

**20.** एक शुद्ध $CO_2$ के नमूने में 27.27% कार्बन तथा 72.73% ऑक्सीजन उपस्थित है। ये आँकड़े समर्थन करते हैं [AIIMS 1992]

(a) स्थिर संघटन का नियम (b) द्रव्यमान संरक्षण का नियम
(c) व्युत्क्रम अनुपात का नियम (d) गुणित अनुपात का नियम

**21.** स्थिर अनुपात का नियम नाइट्रोजन ऑक्साइड पर लागू नहीं होता [EAMCET 1981]

(a) नाइट्रोजन का अणुभार परिवर्ती होता है
(b) नाइट्रोजन का अणुभार परिवर्ती होता है
(c) नाइट्रोजन का तुल्यांकी भार परिवर्ती होता है
(d) नाइट्रोजन का परमाणु भार परिवर्ती होता है

**22.** कौन सा युग्म गुणित अनुपात के नियम का पालन करता है [EAMCET 1989]

(a) $H_2O, Na_2O$ (b) $MgO, Na_2O$
(c) $Na_2O, BaO$ (d) $SnCl_2, SnCl_4$

## परमाण्विक, आण्विक एवं तुल्यांकी भार

**1.** तत्व का कौन सा गुण हमेशा पूर्ण संख्या में होता है [MP PMT 1986]

(a) परमाणु भार (b) तुल्यांकी भार
(c) परमाणु क्रमांक (d) परमाणु आयतन

**2.** तत्व का कौन सा गुण परिवर्ती नहीं होता है [Bihar MADT 1981]

(a) संयोजकता (b) परमाणु भार
(c) तुल्यांकी भार (d) ये सभी

**3.** आधुनिक परमाणु भार पैमाना आधारित है [MP PMT 2002]

(a) $C^{12}$ (b) $O^{16}$
(c) $H^1$ (d) $C^{13}$

**4.** 1 *amu* बराबर होता है

(a) $C-12$ का $\frac{1}{12}$ (b) O-16 का $\frac{1}{14}$
(c) $H_2$ का 1 ग्राम (d) $1.66 \times 10^{-23}$ किलोग्राम

**5.** सल्फर दो क्लोराइड $S_2Cl_2$ तथा $SCl_2$ का निर्माण करता है। $SCl_2$ में सल्फर का तुल्यांकी भार है [EAMCET 1985; Pb. CET 2001]

(a) 8 ग्राम/मोल (b) 16 ग्राम/मोल
(c) 64.8 ग्राम/मोल (d) 32 ग्राम/मोल

**6.** धातु *M* के सल्फेट में 9.87% *M* उपस्थित है। यह सल्फेट $ZnSO_4.7H_2O$ के समान संरचना वाला है। *M* का परमाणु भार है [IIT 1991]

(a) 40.3 (b) 36.3
(c) 24.3 (d) 11.3

**7.** जब 100 मि.ली., 1 $M$ $NaOH$ विलयन को 10 मि.ली. 10 $N$ $H_2SO_4$ विलयन में मिलाया जाता है तो बनने वाला विलयन होगा

(a) क्षारीय (b) अम्लीय
(c) प्रबल अम्लीय (d) उदासीन

**8.** रासायनिक पैमाने पर ऑक्सीजन परमाणुओं के समस्थानिक मिश्रण का ($O^{16}, O^{17}, O^{18}$) तुलनात्मक भार है [Bihar MADT 1981]

(a) 16.002 (b) 16.00
(c) 17.00 (d) 11.00

**9.** किसी यौगिक के उसके अशुद्ध नमूने जिसकी प्रतिशत शुद्धता ज्ञात है, का 0.1 *N* विलयन बनाने हेतु पदार्थ का आवश्यक भार होगा [MP PET 1996]

(a) सैद्धान्तिक भार से अधिक (b) सैद्धान्तिक भार से कम
(c) सैद्धान्तिक भार के बराबर (d) इनमें से कोई नहीं

**10.** $CH_4$ के एक मोल में उपस्थित हैं

(a) *H* के $6.02 \times 10^{23}$ परमाणु (b) H के 4 ग्राम परमाणु
(c) $CH_4$ के $1.81 \times 10^{23}$ अणु (d) कार्बन के 3.0 ग्राम

**11.** $2Na_2S_2O_3 + I_2 \rightarrow Na_2S_4O_6 + 2NaI$, इस अभिक्रिया में $Na_2S_2O_3$ (अणुभार = *M*) का तुल्यांकी भार होगा

(a) $M$ (b) $M/2$
(c) $M/3$ (d) $M/4$

**12.** जब पोटेशियम परमेग्नेट का अनुमापन फैरस अमोनियम सल्फेट के साथ किया जाता है, तब पोटेशियम परमेग्नेट का तुल्यांक भार होगा [CPMT 1988]

(a) आण्विक भार /10 (b) आण्विक भार /5
(c) आण्विक भार /2 (d) आण्विक भार के बराबर

**13.** बोरॉन के दो स्थायी समस्थानिक $B^{10}$ (19%) तथा $B^{11}$ (81%) हैं। आवर्त सारणी में बोरॉन का परमाणु द्रव्यमान है [CBSE PMT 1990]

(a) 10.8 (b) 10.2
(c) 11.2 (d) 10.0

**14.** 0.1 $M$ $AgNO_3$ तथा 0.1 $M$ $NaCl$ के समान आयतन को मिलाने पर विलयन में नाइट्रेट आयन का सान्द्रण है [CPMT 1983; NCERT 1985]

(a) 0.1 *M* (b) 0.2 *M*
(c) 0.05 *M* (d) 0.25 *M*

**15.** यौगिक $CuSO_4.5H_2O$ द्वारा प्रदर्शित कुल परमाणुओं की संख्या है [BHU 2005]

(a) 27 (b) 21
(c) 5 (d) 8

**16.** 74.5 ग्राम धातु क्लोराइड में 35.5 ग्राम क्लोरीन उपस्थित है तो धातु का तुल्यांकी भार है [CPMT 1986]

(a) 19.5 (b) 35.5
(c) 39.0 (d) 78.0

**17.** किसी गैस का 7.5 ग्राम *STP* पर 5.8 लीटर आयतन ग्रहण करता है। यह गैस है

(a) $NO$ (b) $N_2O$

(c) $CO$ (d) $CO_2$

18. 4.25 ग्राम $NH_3$ में कुल परमाणुओं की संख्या है [CBSE PMT 1999; MH CET 2003]

(a) $1\times10^{23}$ (b) $2\times10^{23}$

(c) $4\times10^{23}$ (d) $6\times10^{23}$

19. किसी गैस के 1.16 ग्राम का STP पर आयतन एक लीटर है तो यह गैस है [AMU 1992]

(a) $C_2H_2$ (b) $CO$

(c) $O_2$ (d) $CH_4$

20. किसी गैस का वाष्प घनत्व 11.2 है, इसी गैस के 11.2 ग्राम द्वारा घेरा गया आयतन NTP पर है [Bihar CET 1995]

(a) 11.2 लीटर (b) 22.4 लीटर

(c) 1 लीटर (d) 44.8 लीटर

21. क्रिस्टलीय ऑक्जेलिक अम्ल का तुल्यांकी भार है [MP PMT 1995]

(a) 30 (b) 63

(c) 53 (d) 45

22. एक तत्व का तुल्यांकी भार 4 है। उसके क्लोराइड का वाष्प घनत्व 59.25 है। तत्व की संयोजकता है [BHU 1997]

(a) 4 (b) 3

(c) 2 (d) 1

23. 25 मि.ली. 0.25 मोलर $Ba(OH)_2$ विलयन 1.25 ग्राम ठोस द्विभास्मिक अम्ल का पूर्ण उदासीनीकरण करता है। इस अम्ल का अणुभार है

(a) 100 (b) 150

(c) 120 (d) 200

24. एक धातु के ऑक्साइड में 32% ऑक्सीजन है, इसका तुल्यांकी भार होगा [MP PMT 1985]

(a) 34 (b) 32

(c) 17 (d) 8

25. जल के एक अणु का भार है [Bihar CEE 1995]

(a) $3\times10^{-26}$ कि. ग्राम (b) $3\times10^{-25}$ कि. ग्राम

(c) $1.5\times10^{-26}$ कि. ग्राम (d) $2.5\times10^{-26}$ कि. ग्राम

26. 2.2 ग्राम यौगिक में 1.24 ग्राम $P$ उपस्थित है तो यौगिक का मूलानुपाती सूत्र होगा

(a) $P_4S_3$ (b) $P_2S_2$

(c) $PS_2$ (d) $P_2S_4$

27. दो तत्व $A$ एवं $B$ के परमाणु भार क्रमशः 40 एवं 80 है। यदि $A$ के $x$ ग्राम में $y$ परमाणु हैं तो $B$ के $2x$ ग्राम में कितने परमाणु उपस्थित हैं

(a) $\frac{y}{2}$ (b) $\frac{y}{4}$

(c) $y$ (d) $2y$

28. 9.85 ग्राम $BaCO_3$ के पूर्ण विघटित होने पर उत्पन्न $CO_2$ का $STP$ पर आयतन होगा ($Ba$=137) [CBSE PMT 2000]

(a) 0.84 लीटर (b) 2.24 लीटर

(c) 4.06 लीटर (d) 1.12 लीटर

29. यदि $N_A$ ऐवोगेड्रो संख्या हो तो 4.2 ग्राम नाइट्राइड आयन ($N^{3-}$) में उपस्थित संयोजी इलेक्ट्रॉन की संख्या है

(a) 2.4 $N_A$ (b) 4.2 $N_A$

(c) $1.6 N_A$ (d) $3.2 N_A$

30. $CuSO_4.5H_2O$ के $1\times10^{22}$ अणुओं का भार है [IIT 1991]

(a) 41.59 ग्राम (b) 415.9 ग्राम

(c) 4.159 ग्राम (d) इनमें से कोई नहीं

31. I से IV को उनके भारों के बढ़ते क्रम में लिखिये तथा (a), (b), (c) तथा (d) में से उत्तर ज्ञात कीजिये (परमाणु भार : $N$=14, $O$=16, $Cu$=63).

I. ऑक्सीजन का एक अणु

II. नाइट्रोजन का एक परमाणु

III. ऑक्सीजन का $1\times10^{-10}$ ग्राम अणुभार

IV. कॉपर का $1\times10^{-10}$ ग्राम परमाणु भार

(a) II<I<III<IV (b) IV<III<II<I

(c) II<III<I<IV (d) III<IV<I<II

32. 1.520 ग्राम धातु के हाइड्रॉक्साइड का दहन करने पर 0.995 ऑक्साइड प्राप्त होता है। धातु का तुल्यांकी भार है [DPMT 1984]

(a) 1.520 (b) 0.995

(c) 19.00 (d) 9.00

33. 1 ग्राम $N^{-3}$ आयन पर कितने कूलॉम्ब आवेश उपस्थित है

(a) $5.2\times10^{6}$ कूलॉम्ब (b) $2.894\times10^{5}$ कूलॉम्ब

(c) $6.6\times10^{6}$ कूलॉम्ब (d) $8.2\times10^{6}$ कूलॉम्ब

34. किसी गैस $X$ के $C_p$ तथा $C_v$ का अनुपात 1.4 है, NTP पर गैस $X$ के 11.2 लीटर में उपस्थित परमाणुओं की संख्या होगी [CBSE 1999]

(a) $6.02\times10^{23}$ (b) $1.2\times10^{23}$

(c) $3.01\times10^{23}$ (d) $2.01\times10^{23}$

35. यदि हम कार्बन परमाणु का भार 1/12 के स्थान पर 1/6 आपेक्षिक परमाणु भार इकाई के रूप में लें तो, पदार्थ के 1 मोल का भार होगा [AIEEE 2005]

(a) दोगुना घटेगा

(b) दोगुना बढ़ेगा

(c) अपरिवर्तित रहेगा

(d) पदार्थ के अणुभार का फलन है

36. फॉस्फोरस अम्ल का तुल्यांकी भार होगा (यदि $P$=31; $O$=16; $H$=1)

(a) 82 (b) 41

(c) 20.5 (d) इनमें से कोई नहीं

37. NTP पर किसी आदर्श गैस के 1 मि.ली में अणुओं की संख्या होगी

(a) $6\times10^{23}$ (b) $2.69\times10^{19}$

(c) $2.69\times10^{23}$ (d) इनमें से कोई नहीं

38. एक धातु की विशिष्ट ऊष्मा 0.16 है, उसका परमाणु भार लगभग होगा

(a) 32 (b) 16

(c) 40 (d) 64

39. यौगिक $C_{60}H_{122}$ के एक अणु का भार है [AIIMS 2000]

(a) $1.4\times10^{-21}$ ग्राम (b) $1.09\times10^{-21}$ ग्राम

(c) $5.025\times10^{23}$ ग्राम (d) $16.023\times10^{23}$ ग्राम

40. 2.8 कि.ग्राम एथिलीन के पूर्ण दहन हेतु ऑक्सीजन का आवश्यक भार है [CBSE PMT 1989]

(a) 2.8 कि.ग्राम (b) 6.4 कि.ग्राम

(c) 9.6 कि.ग्राम (d) 96 कि.ग्राम

41. 100 मि.ली 2.5 मोलल (2.5m) अमोनियम हाइड्रॉक्साइड का विलयन बनाने हेतु STP पर $NH_3$ गैस का आवश्यक आयतन होगा

(a) 0.056 लीटर (b) 0.56 लीटर
(c) 5.6 लीटर (d) 11.2 लीटर

42. यदि जल का घनत्व 1 ग्राम सेमी$^{-3}$ हो तो जल के एक अणु के द्वारा घेरा गया आयतन होगा [Pb. PMT 2004]

(a) 18 सेमी$^3$ (b) 22400 सेमी$^3$
(c) $6.02 \times 10^{-23}$ सेमी$^3$ (d) $3.0 \times 10^{-23}$ सेमी$^3$

43. कैफीन का अणुभार 194 है यदि उसमें 28.9% (भार) नाइट्रोजन उपस्थित हो तो कैफीन के एक अणु में उपस्थित नाइट्रोजन परमाणुओं की संख्या है

(a) 4 (b) 6
(c) 2 (d) 3

44. एक 400 मि.ली. ग्राम आयरन के केप्सूल में 100 मि.ली. ग्राम फैरस फ्यूमरेट $(CHCOO)_2Fe$ उपस्थित है उसमें उपस्थित आयरन का लगभग प्रतिशत है

(a) 33% (b) 25%
(c) 14% (d) 8%

45. वह तत्व जिसके एक परमाणु का भार $10.86 \times 10^{-26}$ किलो ग्राम है वह है

(a) बोरॉन (b) कैल्शियम
(c) सिल्वर (d) जिंक

46. $(COOH)_2.2H_2O$ के 0.3 ग्राम मोल में उपस्थित ऑक्सीजन के ग्राम परमाणुओं की संख्या है

(a) 0.6 (b) 1.8
(c) 1.2 (d) 3.6

47. एक गैसीय मिश्रण में $CH_4$ तथा $C_2H_6$ समआण्विक अनुपात में उपस्थित हैं, *NTP* पर इस मिश्रण के 2.24 लीटर का भार है

(a) 4.6 *g* (b) 1.6 *g*
(c) 2.3 *g* (d) 23 *g*

48. एक धातु क्लोराइड का वाष्प घनत्व 66 है। उसके आक्साइड में 53% धातु है। धातु का परमाणु भार है [Bihar MADT 1982]

(a) 21 (b) 54
(c) 27.06 (d) 2.086

49. एक ग्राम हाइड्रोजन 80 ग्राम ब्रोमीन से क्रिया करता है। एक ग्राम कैल्शियम (संयोजकता = 2) 4 ग्राम ब्रोमीन से क्रिया करता है, कैल्शियम का तुल्यांकी भार है

(a) 10 (b) 20
(c) 40 (d) 80

50. $MnSO_4$ का तुल्यांकी भार उसके अणुभार का आधा होता है जब वह परिवर्तित होता है [IIT 1988; CPMT 1994]

(a) $Mn_2O_3$ (b) $MnO_2$
(c) $MnO_4$ (d) $MnO_4^{2-}$

51. 100 मि.ली. $PH_3$ के विघटन के दौरान फॉस्फोरस तथा हाइड्रोजन गैस प्राप्त होती है। आयतन में परिवर्तन है [MNR 1986]

(a) 50 मि.ली. वृद्धि (b) 500 मि.ली. कमी
(c) 900 मि.ली. कमी (d) कुछ नहीं

52. 12 ग्राम *Mg* (परमाणु भार = 24) अम्ल से पूर्ण क्रिया के पश्चात हाइड्रोजन गैस देता है, *STP* पर जिसका आयतन होगा [CPMT 1978]

(a) 22.4 लीटर (b) 11.2 लीटर
(c) 44.8 लीटर (d) 6.1 लीटर

53. किसका भार न्यूनतम है [Pb. PET 1985]

(a) नाइट्रोजन के 2 ग्राम परमाणु
(b) कार्बन के $3 \times 10^{23}$ परमाणु
(c) $S$ का 1 मोल
(d) $Ag$ का 7.0 ग्राम

54. $0°C$ तथा 1वायुमण्डल दाब पर कितने मोल हीलियम गैस 22.4 लीटर आयतन ग्रहण करती है [Kurukshetra CEE 1992; CET 1992]

(a) 0.11 (b) 0.90
(c) 1.0 (d) 1.11

55. किसी गैस का *STP* पर आयतन $1.12 \times 10^{-7}$ *cc* है तो उसमें उपस्थित अणुओं की संख्या ज्ञात कीजिए [BHU 1997]

(a) $3.01 \times 10^{20}$ (b) $3.01 \times 10^{12}$
(c) $3.01 \times 10^{23}$ (d) $3.01 \times 10^{24}$

56. एक अज्ञात गैस का 4.4 ग्राम मानक ताप एवं दाब पर 2.24 लीटर आयतन घेरता है। गैस हो सकती है [MP PMT 1995]

(a) कार्बन डाई ऑक्साइड (b) कार्बन मोनोऑक्साइड
(c) ऑक्सीजन (d) सल्फर डाईऑक्साइड

57. आयतन अनुसार 21% ऑक्सीजन युक्त वायु के 1 लीटर में, मानक परिस्थितियों के अर्न्तगत ऑक्सीजन के मोलों की संख्या है [CBSE PMT 1995; Pb. PMT 2004]

(a) 0.186 मोल (b) 0.21 मोल
(c) 2.10 मोल (d) 0.0093 मोल

58. $0^oC$ एवं 1 वायुमण्डल दाब पर किसी गैस के 8.96 लीटर में अणुओं की संख्या लगभग होती है [BHU 1993]

(a) $6.02 \times 10^{23}$ (b) $12.04 \times 10^{23}$
(c) $18.06 \times 10^{23}$ (d) $24.08 \times 10^{22}$

59. किसी धातु का तुल्यांकी भार 9 है और इसके क्लोराइड का वाष्प घनत्व 59.25 है। धातु का परमाणु भार हैं [Pb. CET 2002]

(a) 23.9 (b) 27.3
(c) 36.3 (d) 48.3

60. किसी गैस का अणुभार 45 है इसका STP पर घनत्व है [Pb. PMT 2004]

(a) 22.4 (b) 11.2
(c) 5.7 (d) 2.0

61. द्विसंयोजी धातु का तुल्यांकी भार 37.2 है। इसके क्लोराइड का अणुभार है [MH CET 2003]

(a) 412.2 (b) 216
(c) 145.4 (d) 108.2

62. किसी धातु के 3.6 ग्राम ऑक्साइड का हाइड्रोजन के साथ अपचयन कराने पर 3.2 ग्राम धातु बचती है। यदि धातु का वाष्प घनत्व 32 हो तो ऑक्साइड का सरलतम सूत्र होगा [DPMT 2004]

(a) $MO$ (b) $M_2O_3$
(c) $M_2O$ (d) $M_2O_5$

63. 4.25 ग्राम अमोनिया में अणुओं की संख्या है [Pb. CET 2000]

(a) $0.5 \times 10^{23}$ (b) $1.5 \times 10^{23}$
(c) $3.5 \times 10^{23}$ (d) $1.8 \times 10^{32}$

## मोल परिकल्पना

1. निम्न में से गैसों के किस युग्म में अणुओं की संख्या समान हैं [EAMCET 1987]
(a) $O_2$ का 16 ग्राम तथा $N_2$ का 14 ग्राम
(b) $O_2$ का 8 ग्राम तथा $CO_2$ का 22 ग्राम
(c) $N_2$ का 28 ग्राम तथा $CO_2$ का 22 ग्राम
(d) $O_2$ का 32 ग्राम तथा $N_2$ का 32 ग्राम

2. $Na_2SO_4.10H_2O$ के 32.2 ग्राम में उपस्थित ऑक्सीजन का ग्राम में भार है [Haryana PMT 2000]
(a) 20.8 (b) 22.4
(c) 2.24 (d) 2.08

3. 250 मि.ली. $Na_2CO_3$ विलयन में 2.65 ग्राम $Na_2CO_3$ उपस्थित है यदि इस विलयन के 10 मि.ली. को एक लीटर तक तनु किया जाता है तब परिणामी विलयन का सांद्रण होगा ( $Na_2CO_3$ का अणुभार =106) [EAMCET 2001]
(a) 0.1 *M* (b) 0.001 *M*
(c) 0.01 *M* (d) $10^{-4}$ *M*

4. मोलर विलयन वह है जिसमें एक मोल विलेय घुला है [IIT 1986]
(a) 1000 ग्राम विलायक में (b) एक लीटर विलायक में
(c) एक लीटर विलयन में (d) 22.4 लीटर विलयन में

5. 4.4 ग्राम $CO_2$ में ऑक्सीजन परमाणुओं की संख्या है [CBSE PMT 1990]
(a) $1.2 \times 10^{23}$ (b) $6 \times 10^{22}$
(c) $6 \times 10^{23}$ (d) $12 \times 10^{23}$

6. *STP* पर 4.4 ग्राम $CO_2$ द्वारा घेरा गया आयतन है [AFMC 1997, 2004; Pb. CET 1997, 2002]
(a) 22.4 लीटर (b) 2.24 लीटर
(c) 0.224 लीटर (d) 0.1 लीटर

7. कमरे के ताप पर जल की एक बूँद में (आयतन 0.0018 मि.ली.) जल के अणुओं की संख्या है [DCE 2000]
(a) $6.023 \times 10^{19}$ (b) $1.084 \times 10^{18}$
(c) $4.84 \times 10^{17}$ (d) $6.023 \times 10^{23}$

8. एक मोल कैल्शियम फॉस्फाइड जल के आधिक्य में क्रिया करने पर देता है [IIT 1999]
(a) एक मोल फॉस्फीन
(b) दो मोल फॉस्फोरिक अम्ल
(c) दो मोल फॉस्फीन
(d) एक मोल फॉस्फोरस पेंटाऑक्साइड

9. एक तस्कर से 19.7 कि. ग्राम स्वर्ण जब्त किया गया। स्वर्ण के कितने परमाणु जब्त किये गये (*Au* =197) [Pb. CET 1985]
(a) 100 (b) $6.02 \times 10^{23}$
(c) $6.02 \times 10^{24}$ (d) $6.02 \times 10^{25}$

10. 10 ग्राम कैल्शियम कार्बोनेट में उपस्थित कुल प्रोटॉनों की संख्या है ( $N_0 = 6.023 \times 10^{23}$ )
(a) $1.5057 \times 10^{24}$ (b) $2.0478 \times 10^{24}$
(c) $3.0115 \times 10^{24}$ (d) $4.0956 \times 10^{24}$

11. 16 ग्राम मेथेन में उपस्थित अणुओं की संख्या है
(a) $3.0 \times 10^{23}$ (b) $6.02 \times 10^{23}$
(c) $\frac{16}{6.02} \times 10^{23}$ (d) $\frac{16}{3.0} \times 10^{23}$

12. *STP* पर $O_2, NH_3$ तथा $CO_2$ में प्रत्येक के 100 मि.ली में अणुओं की संख्या का क्रम है [Bihar MADT 1985]
(a) $CO_2 < O_2 < NH_3$ के क्रम में
(b) $NH_3 < O_2 < CO_2$ के क्रम में
(c) सभी में समान
(d) $NH_3 = CO_2 < O_2$

13. हाइड्रोजन परऑक्साइड का अणुभार 34 है, उसके अणुभार की इकाई है [MP PMT 1986]
(a) ग्राम (b) मोल
(c) ग्राम मोल $^{-1}$ (d) मोल ग्राम $^{-1}$

14. एक लीटर जल में अणुओं की संख्या है [EAMCET 1990]
(a) 18 (b) $18 \times 1000$
(c) $N_A$ (d) $55.55\ N_A$

15. एक मोल हाइड्रोजन अणु में इलेक्ट्रॉनों की कुल संख्या है [CPMT 1987]
(a) $6.02 \times 10^{23}$ (b) $12.046 \times 10^{23}$
(c) $3.0115 \times 10^{23}$ (d) अनिश्चित

16. $BaCO_3$ के मोलों की संख्या जिसमें ऑक्सीजन परमाणुओं के 1.5 मोल होते हैं। [EAMCET 1991]
(a) 0.5 (b) 1
(c) 3 (d) $6.02 \times 10^{23}$

17. निम्न में से कौनसी लॉश्मिड़ (Loschmidt) संख्या है
(a) $6 \times 10^{23}$ (b) $2.69 \times 10^{19}$
(c) $3 \times 10^{23}$ (d) इनमें से कोई नहीं

18. 1 ग्राम हाइड्रोजन में कितने अणु उपस्थित हैं [AIIMS 1982]
(a) $6.02 \times 10^{23}$ (b) $3.01 \times 10^{23}$
(c) $2.5 \times 10^{23}$ (d) $1.5 \times 10^{23}$

19. 13.5 ग्राम सल्फ्यूरिल क्लोराइड, $SO_2Cl_2$ में उपस्थित कुल ग्राम अणुओं की संख्या है [CPMT 1992]
(a) 0.1 (b) 0.2
(c) 0.3 (d) 0.4

20. अधिकतम अणुओं की संख्या है [BHU 1997]
(a) 34 ग्राम जल में (b) 28 ग्राम $CO_2$ में
(c) 46 ग्राम $CH_3OH$ में (d) 54 ग्राम $N_2O_5$ में

21. 620 ग्राम सोडियम आक्साइड में मोलों की संख्या है [BHU 1992]
(a) 1 मोल (b) 10 मोल
(c) 18 मोल (d) 100 मोल

22. 2 ग्राम ऑक्सीजन में जितने परमाणु हैं उतने ही परमाणु उपस्थित हैं [BHU 1992]
(a) 0.5 ग्राम हाइड्रोजन में (b) 4 ग्राम सल्फर में
(c) 7 ग्राम नाइट्रोजन में (d) 2.3 ग्राम सोडियम में

23. द्रव *HCl* जिसका घनत्व $1.17 g/cc$ है इसकी मोलरता है [CBSE PMT 2001]
(a) 36.5 (b) 18.25
(c) 32.05 (d) 4.65

24. सुक्रोज ($C_{12}H_{22}O_{11}$) के एक मोल में उपस्थित परमाणुओं की संख्या है [Pb. PMT 2002]
(a) $45 \times 6.02 \times 10^{23}$ परमाणु / मोल
(b) $5 \times 6.62 \times 10^{23}$ परमाणु / मोल
(c) $5 \times 6.02 \times 10^{23}$ परमाणु / मोल

(d) इनमें से कोई नहीं

**25.** $CO_2$ के 44 ग्राम में उपस्थित $CO_2$ के अणुओं की संख्या हैं [BCECE 2005]

(a) $6.0\times10^{23}$ (b) $3\times10^{23}$

(c) $12\times10^{23}$ (d) $3\times10^{10}$

**26.** फॉस्फोरस ट्राईक्लोराइड ($PCl_3$) के नमूने में पदार्थ के 1.4 मोल उपस्थित है। नमूने मे कितने परमाणु उपस्थित है [Kerala PMT 2004]

(a) 4 (b) 5.6

(c) $8.431\times10^{23}$ (d) $3.372\times10^{24}$

(e) $2.409\times10^{24}$

**27.** सोडियम फेरोसायनाइड के 2 मोल में सोडियम परमाणुओं की संख्या है [BHU 2004]

(a) $12\times10^{23}$ (b) $26\times10^{23}$

(c) $34\times10^{23}$ (d) $48\times10^{23}$

## प्रतिशत संघटन एवं अणु सूत्र

**1.** $NaOH$ में ऑक्सीजन का प्रतिशत है [CPMT 1979]

(a) 40 (b) 60

(c) 8 (d) 10

**2.** यूरिया में नाइट्रोजन का प्रतिशत है [KCET 2001]

(a) 46 (b) 85

(c) 18 (d) 28

**3.** यदि दो यौगिकों के मूलानुपाती सूत्र समान किन्तु अणुसूत्र भिन्न हों तब उनके [MP PMT 1986]

(a) प्रतिशत संगठन भिन्न होंगे

(b) अणुभार भिन्न होंगे

(c) श्यानता समान होगी

(d) वाष्प घनत्व समान होगा

**4.** एक यौगिक (80 ग्राम) का विश्लेषण करने पर $C$ = 24 ग्राम, $H$ = 4 ग्राम, तथा $O$ = 32 ग्राम प्राप्त होता है उसका मूलानुपाती सूत्र है [CPMT 1981]

(a) $C_2H_2O_2$ (b) $C_2H_2O$

(c) $CH_2O_2$ (d) $CH_2O$

**5.** एक यौगिक का मूलानुपाती सूत्र $CH_2O$ है यदि यौगिक के 0.0835 मोल में 1.0 ग्राम हाइड्रोजन उपस्थित है तो यौगिक का अणुसूत्र है

(a) $C_2H_{12}O_6$ (b) $C_5H_{10}O_5$

(c) $C_4H_8O_8$ (d) $C_3H_6O_3$

**6.** एक अम्ल का मूलानुपाती सूत्र $CH_2O_2$ है, अम्ल का सम्भावित अणुसूत्र हो सकता है [AFMC 2000]

(a) $CH_2O$ (b) $CH_2O_2$

(c) $C_2H_4O_2$ (d) $C_3H_6O_4$

**7.** यौगिकों के किस युग्म में $C$, $H$,तथा $O$ का अनुपात समान है

(a) एसीटिक अम्ल तथा मेथिल एल्कोहल

(b) ग्लूकोज तथा एसीटिक अम्ल

(c) फ्रक्टोज व सुक्रोज

(d) ये सभी

## रासायनिक रससमीकरणमिती

**1.** 1500 मि.ली. 0.1 $N\,HCl$ के पूर्ण उदासीनीकरण हेतु $NaOH$ का आवश्यक आयतन है ($Na$ = 23) [KCET 2001]

(a) 40 ग्राम (b) 4 ग्राम

(c) 6 ग्राम (d) 60 ग्राम

**2.** $NaOH$ के सेमी नॉर्मल विलयन को डेसी नॉर्मल बनाने के लिये उसके 200 c.c में कितना जल मिलाना चाहिये [AFMC 1983]

(a) 200 *cc* (b) 400 *cc*

(c) 800 *cc* (d) 600 *cc*

**3.** 2.76 ग्राम सिल्वर कार्बोनेट को तीव्र गर्म करने पर बने हुए अवशेष का भार होगा [Pb. CET 2003]

(a) 2.16 ग्राम (b) 2.48 ग्राम

(c) 2.64 ग्राम (d) 2.32 ग्राम

**4.** $4NH_3(g)+5O_2(g)\rightarrow4NO(g)+6H_2O(g)$ अभिक्रिया में जब 1 मोल अमोनिया तथा 1 मोल $O_2$ क्रिया करते हैं तब अभिक्रिया पूर्ण होने पर

(a) 1.0 मोल जल उत्पन्न होता है

(b) 1.0 मोल $NO$ उत्पन्न होती है

(c) सम्पूर्ण ऑक्सीजन खत्म हो जाती है

(d) सम्पूर्ण अमोनिया खत्म हो जाती है

**5.** हीमोग्लोबिन में भार के अनुपात में 0.33% आयरन उपस्थित है। हीमोग्लोबिन का अणुभार लगभग 67200 है। हीमोग्लोबिन के एक अणु में उपस्थित आयरन परमाणुओं की संख्या है ($Fe$ का परमाणु भार = 56) [CBSE PMT 1998]

(a) 6 (b) 1

(c) 4 (d) 2

**6.** $NH_3$ गैस उत्पन्न करने हेतु अमोनियम सल्फेट की आवश्यक मात्रा जो कि 292 ग्राम $HCl$ के विलयन का पूर्ण उदासीनीकरण करती है [$HCl$=36.5: $(NH_4)_2SO_4$ =132; $NH_3$ =17] [CPMT 1992]

(a) 272 ग्राम (b) 403 ग्राम

(c) 528 ग्राम (d) 1056 ग्राम

**7.** $(NH_4)_2HPO_4$ या डाईअमोनियम हाइड्रोजन फॉस्फेट में $P_2O_5$ का प्रतिशत है [CPMT 1992]

(a) 23.48 (b) 46.96

(c) 53.78 (d) 71.00

**8.** $Al$ से ऑक्सीजन के $1\frac{1}{2}$ मोल क्रिया कर $Al_2O_3$ का निर्माण करते हैं, अभिक्रिया में $Al$ का आवश्यक भार है [EAMCET 1980]

(a) 27 ग्राम (b) 54 ग्राम

(c) 49.5 ग्राम (d) 31 ग्राम

**9.** परऑक्सीडेज एनहाइड्रस एन्जाइम में भार के अनुपात में 0.5% $Se$ उपस्थित है ($Se$ का परमाणु भार = 78.4) परॉक्सीडेस एनहाइड्रस एन्जाइम का न्यूनतम अणुभार है [CBSE PMT 2001]

(a) $1.568\times10^{4}$ (b) $1.568\times10^{3}$

(c) 15.68 (d) $3.136\times10^{4}$

10. 27 ग्राम *Al* की जलीय *NaOH* के अधिक्य से पूर्ण क्रिया करने पर उत्पन्न $H_2$ का *STP* पर आयतन है [CPMT 1991]
(a) 22.4 (b) 44.8
(c) 67.2 (d) 33.6 लीटर

11. $[Fe(CNS)_3].3H_2O$ में जल की प्रतिशत मात्रा है
(a) 45 (b) 30
(c) 19 (d) 25

12. 5 मोल ऑक्सीजन की उपस्थिति में सल्फर को जलाने पर $SO_2$ का उत्पन्न भार हैं
(a) 640 ग्राम (b) 160 ग्राम
(c) 80 ग्राम (d) 320 ग्राम

13. $H_3PO_4$ के 1 *M* विलयन की नॉर्मलता है [AIIMS 1982]
(a) 0.5 *N* (b) 1.0 *N*
(c) 2.0 *N* (d) 3.0 *N*

14. 2*M* सल्फ्यूरिक अम्ल की नॉर्मलता है [AIIMS 1992]
(a) 2*N* (b) 4*N*
(c) $\frac{N}{2}$ (d) $\frac{N}{4}$

15. एक द्विभास्मिक अम्ल (अणुभार = 200) का 100 मि.ली. डेसीनॉर्मल विलयन बनाने हेतु आवश्यक मात्रा है [AIIMS 1992]
(a) 1 ग्राम (b) 2 ग्राम
(c) 10 ग्राम (d) 20 ग्राम

16. एक विलयन में भारानुसार 80% $H_2SO_4$ उपस्थित है। यदि इसका विशिष्ट गुरूत्व 1.71 हो तो नॉर्मलता है [CBSE 1991]
(a) 18.0 (b) 27.9
(c) 1.0 (d) 10.0

17. मोहर लवण को आसुत जल के बजाय तनु $H_2SO_4$ में घोला जाता है ताकि
(a) घुलने की दर में वृद्धि हो
(b) धनआयनिक जल अपघटन न हो
(c) आयनन की दर में वृद्धि हो
(d) इसके अपचायक गुणों में वृद्धि हो

18. अम्लीकृत पोटेशियम परमेंग्नेट विलयन रंगहीन होता है [MNR 1984]
(a) विरंजक चूर्ण से (b) सफेद थोथा के द्वारा
(c) मोहर लवण द्वारा (d) माइक्रोकॉस्मिक लवण से

19. एक तत्व का परमाणु भार लगभग 26.89 है। यदि उसका तुल्यांकी भार 8.9 हो तो तत्व का वास्तविक अणुभार होगा [DPMT 1984]
(a) 26.89 (b) 8.9
(c) 17.8 (d) 26.7

20. किसी गैस का वाष्प घनत्व 22 है। इसका अणुभार क्या है [AFMC 2000]
(a) 33 (b) 22
(c) 44 (d) 11

21. अम्लीय माध्यम में $KMnO_4$ ऑक्सीकारक की तरह व्यवहार करता है इसका तुल्यांकी भार है [CPMT 1990; MP PET 1999]
(a) अणुभार के समान (b) अणुभार का आधा
(c) अणुभार का एक–तिहाई (d) अणुभार का 1/5

22. एक द्विभास्मिक अम्ल के 0.16 ग्राम के पूर्ण उदासीनीकरण हेतु 25 मि. ली. डेसीनॉर्मल *NaOH* विलयन की आवश्यकता होती है। अम्ल का अणुभार है [CPMT 1989]
(a) 32 (b) 64
(c) 128 (d) 256

23. 20 मि.ली. $M/10$ सोडियम हाइड्रॉक्साइड के पूर्ण उदासीनीकरण हेतु $M/20$ हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का आवश्यक आयतन है [Andhra MBBS 1980]
(a) 10 मि.ली. (b) 15 मि.ली.
(c) 20 मि.ली. (d) 40 मि.ली.

24. हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के विलयन *A* तथा *B* की सांद्रता क्रमशः 0.5 *N* तथा 0.1 *N* है। 2 लीटर 0.2 *N HCl* विलयन बनाने हेतु *A* तथा *B* के आवश्यक आयतन हैं [KCET 1993]
(a) *A* का 0.5 *l* + *B* का 1.5 *l*
(b) *A* का 1.5 *l* + *B* का 0.5 *l*
(c) *A* का 1.0 *l* + *B* का 1.0 *l*
(d) *A* का 0.75 *l* + *B* का 1.25 *l*

25. 5 मि.ली. *N HCl*, 20 मि.ली. $N/2\ H_2SO_4$ तथा 30 मि.ली. $N/3\ HNO_3$ को मिलाकर विलयन का आयतन एक लीटर कर दिया जाता है। परिणामी विलयन की नॉर्मलता है [MNR 1991]
(a) $N/5$ (b) $N/10$
(c) $N/20$ (d) $N/40$

26. ताप तथा दाब की समान परिस्थितियों में 40 मि.ली. नम हाइड्रोजन क्लोराइड गैस को 20 मि.ली. अमोनिया गैस में मिलाया जाता है समान ताप तथा दाब पर गैस का अंतिम आयतन होगा [CBSE PMT 1993]
(a) 100 मि.ली. (b) 20 मि.ली.
(c) 40 मि.ली. (d) 60 मि.ली.

27. $KMnO_4$ ऑक्जेलिक अम्ल के साथ निम्न अभिक्रिया देता है $2MnO_4^- + 5C_2O_4^{2-} + 16H^+ \rightarrow 2Mn^2 + 10CO_2 + 8H_2O$ यहाँ 20 मि.ली. 0.1 *M* $KMnO_4$ किसके समान है [CBSE PMT 1996]
(a) 20 मि.ली. 0.5 *M* $H_2C_2O_4$ (b) 50 मि.ली. 0.1 *M* $H_2C_2O_4$
(c) 50 मि.ली. 0.5 *M* $H_2C_2O_4$ (d) 20 मि.ली. 0.1 *M* $H_2C_2O_4$

28. $KMnO_4$ का एक लीटर नॉर्मल विलयन बनाने हेतु अम्लीय माध्यम में $KMnO_4$ की आवश्यक मात्रा है [MP PET 2002]
(a) 158 ग्राम (b) 31.6 ग्राम
(c) 790 ग्राम (d) 62 ग्राम

29. यदि 0.1 *M* $AgNO_3$ एवं 0.1 *M NaCl* के समान आयतन को मिश्रित किया जाये तो नाइट्रेट आयन की सान्द्रता क्या होती है। [NCERT 1981; CPMT 1983]
(a) 0.1 *N* (b) 0.2 *M*
(c) 0.05 *M* (d) 0.25 *M*

30. 30 मि.ली. अम्ल के विलयन को 15 मि.ली. 0.2 *N* क्षार पूर्ण रूप से उदासीन करता है तो अम्लीय विलयन की सामर्थ्य है [CPMT 1986]
(a) 0.1 *N* (b) 0.15 *N*
(c) 0.3 *N* (d) 0.4 *N*

31. एक विलयन जिसमें $Na_2CO_3$ तथा *NaOH* उपस्थित है फिनॉफ्थैलीन सूचक की उपस्थिति में उदासीनीकरण हेतु 300 मि.ली. 0.1 *N HCl* की आवश्यकता होती है। इसके पश्चात् मेथिल ओरेंज मिलाने पर 25 मि.ली. 0.2 *N HCl* की आवश्यकता होती है तो विलयन में उपस्थित *NaOH* की मात्रा है $(NaOH = 40, Na_2CO_3 = 106)$ [CPMT 1992]

(a) 0.6 ग्राम (b) 1.0 ग्राम
(c) 1.5 ग्राम (d) 2.0 ग्राम

32. पिछले प्रश्न में विलयन में उपस्थित $Na_2CO_3$ की मात्रा है [CPMT 1992]
(a) 2.650 ग्राम (b) 1.060 ग्राम
(c) 0.530 ग्राम (d) 0.265 ग्राम

33. 1 (*M*) *NaOH* विलयन के 10 मि.ली. को उदासीन करने के लिये 1 (*M*) $H_2SO_4$ के कितने मि.ली. की आवश्यकता होती है [MP PET 1998; MNR 1982; MP PMT 1987]
(a) 2.5 (b) 5.0
(c) 10.0 (d) 20.0

34. आयोडोमिती अनुमापन निम्न में से कौन नहीं देता है [AIIMS 1997]
(a) $Fe^{3+}$ (b) $Cu^{2+}$
(c) $Pb^{2+}$ (d) $Ag^{+}$

35. $KMnO_4$, फैरस अमोनियम सल्फेट से निम्न समीकरण के अनुसार क्रिया करता है
$MnO_4^- + 5Fe^{2+} + 8H^+ \rightarrow Mn^{2+} + 5Fe^{3+} + 4H_2O$, यहाँ 10 मि.ली. 0.1 *N* $KMnO_4$ समान है [CPMT 1999]
(a) 0.1 *M* $FeSO_4$ के 20 मि.ली.
(b) 0.1 *M* $FeSO_4$ के 30 मि.ली.
(c) 0.1 *M* $FeSO_4$ के 40 मि.ली.
(d) 0.1 *M* $FeSO_4$ के 50 मि.ली.

36. $Ca(OH)_2 + H_3PO_4 \rightarrow CaHPO_4 + 2H_2O$ इस अभिक्रिया में $H_3PO_4$ का तुल्यांकी भार है [Pb. PMT 2004]
(a) 21 (b) 27
(c) 38 (d) 49

37. जब $CO_2$ के आधिक्य को 0.205 मोल $Ba(OH)_2$ के विलयन में से बुलबुलाते हैं तो उत्पन्न $BaCO_3$ का द्रव्यमान है [UPSEAT 2004]
(a) 81 ग्राम (b) 40.5 ग्राम
(c) 20.25 ग्राम (d) 162 ग्राम

38. 500 मि.ली. 0.5 *N* *NaOH* विलयन में कितना जल मिलाया जाये ताकि सांद्रण 10 मि. ग्राम प्रति मि.ली. हो जाये
(a) 100 (b) 200
(c) 250 (d) 500

39. अम्लीय माध्यम में $Fe(C_2O_4)$ के एक मोल को ऑक्सीकृत करने के लिये आवश्यक $KMnO_4$ के मोलों की संख्या है। [Haryana CEE 1996]
(a) 0.6 (b) 0.167
(c) 0.2 (d) 0.4

40. एक हाइड्रोकार्बन में 86% कार्बन उपस्थित है, इस हाइड्रोकार्बन के 488 मि.ली. का *STP* पर भार 1.68 ग्राम है तब हाइड्रोकार्बन है एक
(a) एल्केन (b) एल्कीन
(c) एल्काइन (d) एरीन

41. 100 मि.ली. 1 *M* $AgNO_3$ तथा 100 मि.ली. 1 *M* $CuSO_4$ से धातु आयनों के अवक्षेपण हेतु लगने वाली $H_2S$ की मात्रा का अनुपात है
(a) 1:1 (b) 1:2
(c) 2:1 (d) इनमें से कोई नहीं

42. 50 *c.c.* $O_2$ तथा 50 *c.c.* $H_2$ वाले मिश्रण में विद्युत आवेश प्रवाहित किया जाता है। (i) कमरे के ताप तथा (ii) 110C पर, तो गैसों का मिश्रण प्राप्त होगा
(a) (i) 25 *c.c.* (ii) 50 *c.c.* (b) (i) 50 *c.c.* (ii) 75 *c.c.*
(c) (i) 25 *c.c.* (ii) 75 *c.c.* (d) (i) 75 *c.c.* (ii) 75 *c.c.*

43. *x* ग्राम क्रिस्टलीय कॉपर सल्फेट *KI* के आधिक्य से क्रिया करने पर आयोडीन देता है। जो कि 100 मि.ली. 0.1 *N* हाइपो विलयन के द्वारा रंगहीन हो जाती है। *x* का मान है ($CuSO_4.5H_2O$ का आण्विक द्रव्यमान 250 है)
(a) 5.0 ग्राम (b) 1.25 ग्राम
(c) 2.5 ग्राम (d) 4 ग्राम

44. 12.6 ग्राम $HNO_3$ के पूर्ण उदासीनीकरण हेतु कास्टिक पोटाश की ग्राम में मात्रा है
(a) 22.4 *KOH* (b) 1.01 *KOH*
(c) 6.02 *KOH* (d) 11.2 *KOH*

45. किसी गैस में आइसो ब्यूटेन तथा नॉर्मल ब्यूटेन उपस्थित हैं इस गैस के 5 कि. ग्राम के पूर्ण दहन हेतु ऑक्सीजन की मात्रा हैं
(a) 17.9 कि. ग्राम (b) 9 कि. ग्राम
(c) 27 कि. ग्राम (d) 1.8 कि. ग्राम

46. जल के विघटन के दौरान *NTP* पर 16.8 लीटर $H_2$ तथा $O_2$ गैस का मिश्रण प्राप्त होता है। विद्युत अपघटित होने वाले जल का भार है
(a) 5 ग्राम (b) 9 ग्राम
(c) 10 ग्राम (d) 12 ग्राम

47. 150 मि.ली. शुष्क तथा शुद्ध $O_2$ के विद्युत अपघटन के दौरान 10% $O_3$ में परिवर्तित होती है तब क्रिया के पश्चात प्राप्त गैसों का आयतन तथा टरपेन्टाइन तेल में प्रवाहित करने के पश्चात् शेष गैस का आयतन है
(a) 145 मि.ली. (b) 149 मि.ली.
(c) 128 मि.ली. (d) 125 मि.ली.

48. 100 ग्राम चूना पत्थर से क्रिया करने हेतु 50% *HCl* का कितना भार आवश्यक है
(a) 50% शुद्ध (b) 25% शुद्ध
(c) 10% शुद्ध (d) 8% शुद्ध

49. 0.20 *m*, 500 मि.ली. *HCl* को 30 ग्राम $AgNO_3$ विलयन में मिलाने पर *AgCl* के प्राप्त अवक्षेप का भार तथा मोलों की संख्या होगी ($AgNO_3$ = 170)
(a) 14.35 ग्राम एवं 0.1 (b) 15 ग्राम एवं 0.2
(c) 18 ग्राम एवं 0.3 (d) 19 ग्राम एवं 0.1

50. अम्लीय माध्यम में $KMnO_4$ का अनुमापन 10 मि.ली. $\frac{M}{10} FeSO_4$ के द्वारा किया जाता है $KMnO_4$ की आवश्यक मात्रा होगी [CPMT 1984]
(a) 0.1 *M* के 5 मि.ली. (b) 1.1 *M* के 10 मि.ली.
(c) 0.5 *M* के 10 मि.ली. (d) 0.02 *M* के 10 मि.ली.

51. मेथिल मैग्नीशियम आयोडाइड के 4.12 मि.ली. ग्राम की एल्कोहल *ROH* से क्रिया होने पर *STP* पर 1.12 मि.ली. गैस प्राप्त होती है। एल्कोहल का अणुभार है [Roorkee 1992; IIT 1993]

(a) 16.0 (b) 41.2
(c) 82.4 (d) 156.0

**52.** एक यौगिक जिसमें 50% तत्व X (परमाणु भार = 10) तथा 50% तत्व Y (परमाणु भार = 20) का सरल सूत्र है [Roorkee 1994]

(a) $XY$ (b) $X_2Y$
(c) $XY_3$ (d) $X_2Y_3$

**53.** एक यौगिक जिसमें A, B तथा C तीन तत्व हैं। यदि A की ऑक्सीकरण अवस्था +2, B की +5 तथा C की – 2 हो तो यौगिक का संभावित सूत्र है [CBSE PMT 2000]

(a) $A_3(BC_4)_2$ (b) $A_3(B_4C)_2$
(c) $ABC_2$ (d) $A_2(BC_3)_2$

**54.** 10 ग्राम (90% शुद्ध) चूना पत्थर को गर्म करने पर NTP पर $CO_2$ का आयतन प्राप्त होगा [Pb. CET 2001]

(a) 22.4 लीटर (b) 2.016 लीटर
(c) 2.24 लीटर (d) 20.16 लीटर

**55.** 20 मि.ली. $1M\ Cd(NO_3)_2$ तथा $0.5M\ CuSO_4$ से धातु आयनों के अवक्षेपण हेतु आवश्यक $H_2S$ के मोलर भारों का अनुपात है [CPMT 1997]

(a) 1 : 1 (b) 2 : 1
(c) 1 : 2 (d) अनिश्चित

**56.** 12 ग्राम Mg (परमाणु भार = 24) अम्ल से पूर्ण क्रिया करने पर देता है [MNR 1985]

(a) एक मोल $H_2$
(b) 1/2 मोल $H_2$
(c) 2/3 मोल $O_2$
(d) 1/2 मोल $H_2$ तथा 1/2 मोल $O_2$

**57.** 1.5 मोल $O_2$ की Mg से क्रिया होने पर MgO बनता है तो Mg (परमाणु भार = 24) का वह भार जो क्रिया करता है होगा [KCET 2001]

(a) 72 ग्राम (b) 36 ग्राम
(c) 48 ग्राम (d) 24 ग्राम

**58.** 100 ग्राम $CaCO_3$ 1 N HCl के 1 लीटर के साथ अभिक्रिया करता है अभिक्रिया पूर्ण होने पर $CO_2$ कितना भार प्राप्त होगा [Kerala CET 2005]

(a) 5.5 ग्राम (b) 11 ग्राम
(c) 22 ग्राम (d) 33 ग्राम
(e) 44 ग्राम

## Critical Thinking

### Objective Questions

**1.** बालू, रेत तथा सल्फर के मिश्रण को पृथक करने की उत्तम विधि है [Kerala CET 2001]

(a) जलीय विलयन से प्रभाजी क्रिस्टलीकरण
(b) प्रभाजी आसवन
(c) चुम्बकीय पृथक्करण
(d) $CS_2$ में घोलना तथा निस्पंदन करना

**2.** शुद्ध जल के नमूने से 88.89% ऑक्सीजन का भार तथा 11.11% हाइड्रोजन का भार हमेशा प्राप्त होता है, भले ही जल किसी भी स्रोत से लिया गया हो। इसकी व्याख्या का आधार है [Kerala CEE 2002]

(a) भार के संरक्षण का नियम (b) स्थिर संघटन का नियम
(c) गुणित अनुपात का नियम (d) स्थिर आयतन का नियम

**3.** जिंक सल्फेट में 22.65% Zn तथा 43.9% जलयोजन के अणु हैं। यदि स्थिर अनुपात का नियम लागू होता है तो 20 ग्राम क्रिस्टल निर्माण हेतु लगने वाला Zn का भार होगा

(a) 45.3 ग्राम (b) 4.53 ग्राम
(c) 0.453 ग्राम (d) 453 ग्राम

**4.** $N_2$ गैस के 10 डेसी मीटर$^3$ में तथा किसी गैस X के 10 डेसी मीटर$^3$ में समान ताप पर अणुओं की संख्या समान है। गैस X है

(a) $CO$ (b) $CO_2$
(c) $H_2$ (d) $NO$

**5.** स्थिर दाब पर जल की मोलर ऊष्मा धारिता 75 $JK^{-1}\ mol^{-1}$ है। जब 100 ग्राम जल में 1.0 किलो जूल ऊष्मा प्रवाहित की जाती है जो प्रसार से मुक्त होती है, तो जल के तापमान में वृद्धि होगी [CBSE PMT 2003]

(a) 6.6 K (b) 1.2 K
(c) 2.4 K (d) 4.8 K

**6.** एक यौगिक में भार के अनुपात में 8% सल्फर उपस्थित है। उसका न्यूनतम अणुभार है [AIIMS 2002]

(a) 200 (b) 400
(c) 155 (d) 355

**7.** निम्न में से किसमें परमाणुओं की संख्या अधिकतम हैं [JIPMER 2000]

(a) $CO_2$ के $6.023 \times 10^{21}$ अणु
(b) STP पर $CO_2$ के 22.4 लीटर
(c) $CO_2$ के 0.44 ग्राम
(d) इनमें से कोई नहीं

**8.** एक मोल जल वाष्प का STP पर अणुओं द्वारा घेरा गया वास्तविक आयतन है (अर्थात् एवोगेड्रो संख्या × एक अणु का आयतन) [Kerala EEE 2000]

(a) शून्य
(b) 22.4 लीटर की अपेक्षा 1% से कम
(c) पात्र के आयतन का 10%
(d) 22.4 लीटर का 1% से 2%
(e) 22.4 लीटर का 2% से 5%

**9.** यदि 200 मिलीग्राम $CO_2$ से $10^{21}$ अणु हटा दिये जायें तो शेष $CO_2$ के मोलों की संख्या है [IIT 1983]

(a) $2.85 \times 10^{-3}$ (b) $28.8 \times 10^{-3}$
(c) $0.288 \times 10^{-3}$ (d) $1.68 \times 10^{-2}$

**10.** $K_2CrO_4 + HCl \rightarrow K_2Cr_2O_7 + KCl + H_2O$ संतुलित करने हेतु आंकिक गुणांकों का सही समुच्चय है [Kerala CEE 2001]

(a) 1, 1, 2, 2, 1 (b) 2, 2, 1, 1, 1
(c) 2, 1, 1, 2, 1 (d) 2, 2, 1, 2, 1

11. एक लीटर कठोर जल में 12.00 मि.ली. ग्राम $Mg^{2+}$ आयन उपस्थित हैं उसकी कठोरता दूर करने हेतु वाशिंग सोडा की मि.ली. तुल्यांक मात्रा है [CBSE PMT 2001]
   (a) 1 (b) 12.15
   (c) $1\times10^{-3}$ (d) $12.15\times10^{-3}$

12. आयोडीमिती में $Na_2S_2O_3$ के $K_2Cr_2O_7$ के साथ मानकीकरण के दौरान $K_2Cr_2O_7$ का तुल्यांकी भार है [IIT 2000]
   (a) $MW/2$ (b) $MW/3$
   (c) $MW/6$ (d) $MW/1$

13. 3.92 ग्राम फैरस अमोनियम सल्फेट को 100 मि.ली. जल में घोला जाता है। इस विलयन के 20 मि.ली. के पूर्ण आक्सीकरण हेतु अनुमापन के दौरान 18 मि.ली. $KMnO_4$ की आवश्यकता होती है। एक लीटर विलयन में उपस्थित $KMnO_4$ का भार है [Tamilnadu CET 2002]
   (a) 3.476 ग्राम (b) 12.38 ग्राम
   (c) 34.76 ग्राम (d) 1.238 ग्राम

14. $HCl$ के 100 मि.ली. 0.1 $N$ विलयन का अनुमापन 0.2 $N$ $NaOH$ विलयन के द्वारा किया जाता है, 30 मि.ली. $NaOH$ मिलाकर अनुमापन बंद कर दिया जाता है। शेष अनुमापन 0.25 $N$ $KOH$ मिलाकर पूर्ण किया जाता है तो अनुमापन पूर्ण करने हेतु $KOH$ का आवश्यक आयतन है [DCE 1999]
   (a) 70 मि.ली. (b) 32 मि.ली.
   (c) 35 मि.ली. (d) 16 मि.ली.

15. बोरॉन ट्राईक्लोराइड़ का हाइड्रोजन के द्वारा अपचयन करने पर 273 $K$ तथा 1 वायुमण्डल दाब पर हाइड्रोजन गैस का कितना आयतन खर्च होगा, जिससे 21.6 ग्राम बोरॉन प्राप्त हो ($B$ का परमाणु भार = 10.8) [AIEEE 2003]
   (a) 22.4 लीटर (b) 89.6 लीटर
   (c) 67.2 लीटर (d) 44.8 लीटर

16. $STP$ पर 112 सेमी$^3$ $CH_4$ का भार है [Karnataka CET 2001]
   (a) 0.16 ग्राम (b) 0.8 ग्राम
   (c) 0.08 ग्राम (d) 1.6 ग्राम

17. 0.858 ग्राम यौगिक $X$ के पूर्ण दहन के पश्चात् 2.63 ग्राम $CO_2$ तथा 1.28 ग्राम $H_2O$ प्राप्त होता है तो $X$ का न्यूनतम अणुभार है [Kerala MEE 2000]
   (a) 43 ग्राम (b) 86 ग्राम
   (c) 129 ग्राम (d) 172 ग्राम

18. $SO_2+2H_2S\longrightarrow 3S+2H_2O$ अभिक्रिया में निम्न में से कौनसा मान ऑक्सीकारक के तुल्यांकी भार का दुगना है [DPMT 2000]
   (a) 64 (b) 32
   (c) 16 (d) 48

# AR Assertion & Reason

*For AIIMS Aspirants*

निम्नलिखित प्रश्नों में प्रक्कथन (Assertion) के वक्तव्य के पश्चात कारण (Reason) का वक्तव्य है।

(a) प्रक्कथन और कारण दोनों सही है और कारण प्रक्कथन का सही स्पष्टीकरण देता है
(b) प्रक्कथन और कारण दोनों सही हैं किन्तु कारण प्रक्कथन का सही स्पष्टीकरण नहीं देता है
(c) प्रक्कथन सही है किन्तु कारण गलत है
(d) प्रक्कथन और कारण दोनों गलत है
(e) प्रक्कथन गलत है किन्तु कारण सही है।

1. प्रक्कथन : गैस का आयतन गैस के मोलों की संख्या के व्युत्क्रमानुपाती होता है।
   कारण : गैसीय अभिकारकों एवं उत्पादों का आयतन अनुसार अनुपात उनके मोल अनुपात के साथ समन्वय में होता है। [AIIMS 1995]

2. प्रक्कथन : ऑक्सीजन का अणुभार 16 है।
   कारण : ऑक्सीजन का परमाणु भार 16 है। [AIIMS 1996]

3. प्रक्कथन : परमाणु को ना तो बनाया जा सकता और ना ही नष्ट किया जा सकता है।
   कारण : ताप एवं दाब की समान परिस्थितियों में, गैसों के समान आयतन में परमाणुओं की संख्या समान नहीं होती है। [AIIMS 1994,2002]

4. प्रक्कथन : $SO_2$ के एक मोल में अणुओं की संख्या $O_2$ के एक मोल में उपस्थित अणुओं की संख्या से दुगुनी होती है।
   कारण : $O_2$ की अपेक्षा $SO_2$ का अणुभार दुगुना होता है।

5. प्रक्कथन : 1.231 में तीन सार्थक अंक हैं।
   कारण : दशमलव बिन्दु के दायीं ओर स्थित सभी संख्यायें सार्थक हैं।

6. प्रक्कथन : NTP पर $N_2$ के 22.4 लीटर एवं NTP पर $O_2$ के 5.6 लीटर में अणुओं की संख्या समान होती है।
   कारण : ताप एवं दाब की समान परिस्थितियों के अर्न्तगत सभी गैसों में अणुओं की संख्या समान होती है।

7. प्रक्कथन : एक परमाण्विक भार इकाई (amu) परमाणु का वह भार है जो कार्बन-12 परमाणु के भार का 1/12 वा भाग होता है।
   कारण : कार्बन-12 समस्थानिक को मानक की तरह चयनित किया गया था।

8. प्रक्कथन : यदि $B$ का आण्विक द्रव्यमान $M$ है तो $A$ का आण्विक द्रव्यमान $\frac{M}{4}$ है।
   कारण : $A$ का वाष्प घनत्व $B$ की अपेक्षा चार गुना है।

9. प्रक्कथन : विभिन्न स्त्रोतों जैसे नदी, कुआ, झरना, समुद्र आदि से प्राप्त शुद्ध जल में हाइड्रोजन एवं ऑक्सीजन भार द्वारा सदैव $1:8$ अनुपात में संयोजित होते हैं।
   कारण : एक रासायनिक यौगिक में उपस्थित तत्व हमेशा भार द्वारा समान अनुपात में एक दूसरे के साथ संयोजित होते हैं, इसे फ्रेंच रसायनज्ञ, जोसेफ प्राउस्ट (1799) द्वारा खोजा गया था ।

10. प्रक्कथन : चूँकि मोल मूलभूत रासायनिक इकाई है, घुले हुये विलेय की सान्द्रता को सामान्यतः विलेय के मोलों की संख्या के सन्दर्भ में दर्शाया जाता है।

कारण : सन्तुलित रासायनिक समीकरण में शामिल अभिकारकों के अणुओं की कुल संख्या को अभिक्रिया की आण्विकता कहते हैं।

11. प्रक्कथन : एक निश्चित तत्व *x*, क्लोरीन के साथ तीन द्विअंगी यौगिक बनाता है जिनमें क्लोरीन की मात्रा क्रमशः 59.68%,68.95% एवं 74.75% होती है। ये आँकड़े गुणित अनुपात के नियम की व्याख्या करते हैं।

कारण : गुणित अनुपात के नियमानुसार यौगिकों की श्रेणी में जब एक तत्व की आपेक्षिक मात्रायें दूसरे तत्व की कुछ निश्चित मात्रा के साथ संयोजित हो रही हों तो वह आपेक्षिक मात्रायें छोटी सम्पूर्ण संख्याओं का अनुपात होती हैं।

12. प्रक्कथन : $CuO$ में $Cu$ का तुल्यांकी भार 63.6 है और $Cu_2O$ में 31.8 है।

कारण : किसी तत्व का तुल्यांकी भार $= \frac{\text{तत्व का परमाणु भार}}{\text{तत्व की संयोजकता}}$

13. प्रक्कथन : मास स्पेक्ट्रोमीटर का उपयोग समस्थानिकों के निर्धारण में होता है।

कारण : समस्थानिक एक ही तत्व के परमाणु हैं जो द्रव्यमान संख्या में भिन्न होते हैं।

14. प्रक्कथन : गैसें अपने आयतन के साधारण अनुपात में संयोजित होती हैं किन्तु हमेशा नहीं होंती।

कारण : गैसे आदर्श व्यवहार से विचलन करती हैं।

15. प्रक्कथन : अक्रिस्टलीय पदार्थ समान आकार के क्रिस्टल बनाते हैं और एक दूसरे के संतृप्त विलयन में उत्पन्न हो सकते हैं।

कारण : इनकी समान संघटन संरचना एवं रासायनिक सूत्र होता है।

16. प्रक्कथन : ऑक्सीजन की परमाण्विकता 2 है।

कारण : तत्व के 1 मोल में $6.023\times10^{23}$ परमाणु होते हैं।

17. प्रक्कथन : 1 amu, $1.66\times10^{-24}$ ग्राम के बराबर होता है।

कारण : $1.66\times10^{-24}$ ग्राम $C^{12}$ परमाणु के भार के 1/12 के बराबर होता है।

# Answers

## सार्थक अंक, मापकों की इकाईयाँ द्रव्य एवं मिश्रण का पृथक्करण

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | a | 2 | d | 3 | a | 4 | c | 5 | d |
| 6 | b | 7 | c | 8 | d | 9 | c | 10 | c |
| 11 | c | 12 | b | 13 | a | 14 | c | 15 | b |
| 16 | b | 17 | b | 18 | a | 19 | a | 20 | c |
| 21 | b | 22 | d | 23 | a | 24 | a | 25 | b |
| 26 | b | 27 | d | | | | | | |

## रासायनिक संयोजन के नियम

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | a | 2 | d | 3 | c | 4 | a | 5 | c |
| 6 | c | 7 | c | 8 | b | 9 | b | 10 | a |
| 11 | c | 12 | b | 13 | a | 14 | d | 15 | b |
| 16 | a | 17 | c | 18 | d | 19 | c | 20 | a |
| 21 | c | 22 | d | | | | | | |

## परमाण्विक, आण्विक एवं तुल्यांकी भार

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | c | 2 | b | 3 | a | 4 | a | 5 | b |
| 6 | c | 7 | d | 8 | b | 9 | a | 10 | b |
| 11 | a | 12 | b | 13 | a | 14 | c | 15 | b |
| 16 | c | 17 | a | 18 | d | 19 | a | 20 | a |
| 21 | b | 22 | b | 23 | d | 24 | c | 25 | a |
| 26 | a | 27 | c | 28 | d | 29 | a | 30 | c |
| 31 | a | 32 | d | 33 | b | 34 | a | 35 | c |
| 36 | b | 37 | b | 38 | c | 39 | a | 40 | b |
| 41 | c | 42 | d | 43 | a | 44 | d | 45 | d |
| 46 | b | 47 | c | 48 | c | 49 | b | 50 | b |
| 51 | a | 52 | b | 53 | b | 54 | c | 55 | b |
| 56 | a | 57 | d | 58 | d | 59 | a | 60 | d |
| 61 | c | 62 | d | 63 | b | | | | |

## मोल परिकल्पना

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | a | 2 | b | 3 | b | 4 | c | 5 | a |
| 6 | b | 7 | a | 8 | c | 9 | d | 10 | c |
| 11 | b | 12 | c | 13 | c | 14 | d | 15 | a |
| 16 | a | 17 | b | 18 | b | 19 | a | 20 | a |
| 21 | b | 22 | b | 23 | c | 24 | a | 25 | a |
| 26 | c | 27 | d | | | | | | |

## प्रतिशत संघटन एवं अणु सूत्र

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | a | 2 | a | 3 | b | 4 | d | 5 | a |
| 6 | b | 7 | b | | | | | | |

## रासायनिक रससमीकरणमिती

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | c | 2 | c | 3 | a | 4 | c | 5 | c |
| 6 | c | 7 | c | 8 | b | 9 | a | 10 | d |
| 11 | c | 12 | d | 13 | d | 14 | b | 15 | a |
| 16 | b | 17 | b | 18 | c | 19 | d | 20 | c |
| 21 | d | 22 | c | 23 | d | 24 | a | 25 | d |
| 26 | b | 27 | b | 28 | b | 29 | c | 30 | a |
| 31 | b | 32 | c | 33 | b | 34 | c | 35 | d |
| 36 | d | 37 | b | 38 | d | 39 | a | 40 | b |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | b | 42 | c | 43 | c | 44 | d | 45 | a |
| 46 | b | 47 | a | 48 | a | 49 | a | 50 | d |
| 51 | c | 52 | b | 53 | a | 54 | b | 55 | b |
| 56 | b | 57 | a | 58 | c | | | | |

## Critical Thinking Questions

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | d | 2 | b | 3 | b | 4 | a | 5 | c |
| 6 | b | 7 | b | 8 | b | 9 | a | 10 | d |
| 11 | a | 12 | c | 13 | a | 14 | d | 15 | c |
| 16 | c | 17 | a | 18 | b | | | | |

## Assertion & Reason

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | e | 2 | e | 3 | c | 4 | e | 5 | d |
| 6 | d | 7 | a | 8 | c | 9 | a | 10 | b |
| 11 | a | 12 | e | 13 | e | 14 | a | 15 | a |
| 16 | b | 17 | a | | | | | | |

# Answers and Solutions

## सार्थक अंक, मापकों की इकाईयाँ एवं मिश्रण का पृथक्करण

**4.** (c) दाब $= \frac{\text{बल}}{\text{क्षेत्रफल}} = \frac{[MLT^{-2}]}{[L^2]} = [ML^{-1}T^{-2}]$

प्रति इकाई आयतन ऊर्जा $= \frac{[ML^2T^{-2}]}{[L^3]} = [ML^{-1}T^{-2}]$

**17.** (b) $\frac{(29.2-20.2)(1.79\times 10^5)}{1.37} = \frac{9.0\times 1.79\times 10^5}{1.37}$

9.0 में केवल दो सार्थक अंक हैं, इसलिये अन्तिम उत्तर में भी दो सार्थक अंक होंगे ।

**18.** (a) शुद्ध एथिल एल्कोहल $= 81.4 - 0.002 = 81.398$ .

**19.** (a) $JPa$; कार्य की इकाई जूल है एवं दाब की इकाई पास्कल है।

जूल की विमायें अर्थात् कार्य $= F\times L = MLT^{-2}\times L$

$= \left[ML^2T^{-2}\right]$

$\frac{1}{Pa} = \frac{1}{\text{दाब}} = \frac{1}{\frac{F}{A}} = \frac{1\times A}{F} = \left[MLT^{-1}\right]$

इसलिये, $JPa = \left[ML^2T^2\right] = \left[L^2\times L\right] = \left[L^3\right]$.

**22.** (d) 1 जेप्टो $= 10^{-21}$

**23.** (a) जैसा कि हम जानते हैं कि सभी अशून्य अंक सार्थक संख्या होते हैं। इसलिये 2 सार्थक अंक है।

**24.** (a) 6.0023 में सार्थक अंकों की संख्या 5 है क्योंकि सभी शून्य दो अशून्य अंकों के बीच में हैं और सार्थक अंको में गिने जायेगें।

**25.** (b) दिया है $P = 0.0030\,m$, $Q = 2.40m$ एवं $R = 3000\,m$ $P(0.0030)$ में दशमलव के बाद वाले प्रारम्भिक शून्य सार्थक नहीं हैं, इसलिये $P(0.0030)$ में सार्थक अंक 2 हैं। इसी तरह $Q(2.40)$ में सार्थक अंक 3 हैं इस स्थिति में अन्तिम शून्य सार्थक है। $R = (3000)$ में सभी शून्य सार्थक अंक हैं इसलिये $R$ में सार्थक अंक 4 हैं।

**26.** (b) दो अशून्य अंकों के बीच सभी शून्य सार्थक होते हैं। इसलिये 60.0001 में सार्थक अंक 6 हैं।

**27.** (d) दशमलव के $2^{nd}$ स्थान पर अंकों का पूर्णांकन करने पर 3.929 = 3.93 है।

## रासायनिक संयोजन के नियम

**12.** (b) $\underset{ng}{X} + \underset{mg}{Y} \rightleftharpoons \underset{pg}{R} + \underset{qg}{S}$

द्रव्यमान संरक्षण के नियम द्वारा $n + m = p + q$

## परमाण्विक, आण्विक एवं तुल्यांकी भार

**5.** (b) सल्फर का परमाणु भार =32

$SCl_2$ में सल्फर की संयोजकता =2

इसलिये सल्फर का तुल्यांकी भार $= \frac{32}{2} = 16$

**6.** (c) दिया गया सल्फेट, $ZnSO_4.7H_2O$ के साथ समरुपी है, इसका सूत्र $MSO_4.7H_2O$ होगा। $m$, $M$ का परमाणु भार है।

$MSO_4.7H_2O$ का आण्विक भार $= m + 32 + 64 + 126$

$= m + 222$

इसलिये $M$ का % $= \frac{m}{m+222}\times 100 = 9.87$ (दिया है) या

$100\,m = 9.87m + 222\times 9.87$ या $90.13m = 222\times 9.87$

या $m = \frac{222\times 9.87}{90.13} = 24.3$

**7.** (d) $NaOH$ के लिये $M = N$

$N_1V_1 = 100$ मि.ली.$\times 1N = 100$ मि.ली.$(N)$

$H_2SO_4$ के लिये $N_2V_2 = 10$ मि.ली.$\times 10N = 100$ मि.ली.$(N)$

इसलिये $N_1V_1 = N_2V_2$.

**10.** (b) $CH_4$ के 1 मोल में हाइड्रोजन के 4 मोल होते हैं अर्थात् हाइड्रोजन के 4 ग्राम परमाणु होते हैं।

**11.** (a) $Na_2\overset{+2}{S}O_3 + I_2 \rightarrow Na_2\overset{+2.5}{S_4}O_6 + NaI$

$n = 2 \times 0.5 = 1$

$E = \frac{M}{n - \text{कारक}} = \frac{M}{1} = M$

**12.** (b) $E = \frac{M}{5}$

**13.** (a) परमाणु द्रव्यमान $= \frac{10 \times 19 + 81 \times 11}{100} = \frac{190 + 891}{100} = \frac{1081}{100}$

$= 10.81$

**14.** (c) 0.1$M$ $AgNO_3$, 0.1$M$ $NaCl$ के साथ $0.1M$ $NaNO_3$ निर्मित करने के लिये अभिक्रिया करेगा किन्तु आयतन दुगना होने पर, $NO_3^-$ की सान्द्रता $= \frac{0.1}{2} = 0.05M$

**16.** (c) धात्विक क्लोराइड का भार $= 74.5$

क्लोरीन का भार = 35.5

$\therefore$ धातु का भार $= 74.5 - 35.5 = 39$

धातु का तुल्यांकी भार $= \frac{\text{धातु का भार}}{\text{क्लोरीन का भार}} \times 35.5$

$= \frac{39}{35.5} \times 35.5 = 39$

**17.** (a) $\because$ 5.8 लीटर गैस का द्रव्यमान $= 7.5$ ग्राम

$\therefore$ 22.4 लीटर " " " $= \frac{7.5}{5.8} \times 22.4 = 28.96$

इसलिये आण्विक भार = 29

इसलिये यौगिक का आण्विक सूत्र $NO$ है।

**18.** (d) $\because$ 17 ग्राम $NH_3$ में $NH_3$ के $6 \times 10^{23}$ अणु होते हैं

$\therefore$ 4.25 ग्राम $NH_3$ में $= \frac{6 \times 10^{23}}{17} \times 4.25$

$\therefore$ परमाणुओं की संख्या $= \frac{6 \times 10^{23} \times 4.25}{17} \times 4$

$= 6 \times 10^{23}$.

**19.** (a) $\because$ S.T.P. पर 1 लीटर गैस का भार 1.16 ग्राम है।

$\therefore$ S.T.P. पर 22.4 लीटर गैस का भार $= 22.4 \times 1.16$

$= 25.984 \approx 26$

यह अणुभार दर्शाता है कि यौगिक $C_2H_2$ है।

**20.** (a) अणु भार $= 2\times$ वाष्प घनत्व $= 2 \times 11.2 = 22.4$

$\because$ 22.4 ग्राम गैस S.T.P. पर 22.4 लीटर घेरती है।

$\therefore$ 11.2 ग्राम घेरती है $\frac{22.4}{22.4} \times 11.2 = 11.2$ लीटर

**21.** (b) तुल्यांकी भार $= \frac{\text{अणु भार}}{\text{संयोजकता}}$

$\begin{matrix} COOH \\ | \\ COOH \end{matrix}$ $2H_2O$ का अणु भार $= \frac{126}{2} = 63$

**22.** (b) तत्व की संयोजकता $= \frac{2 \times \text{वाष्प घनत्व}}{E + 35.5} = \frac{2 \times 59.25}{4 + 35.5}$

$= \frac{118.50}{39.5} = 3.$

**23.** (d) मोलरता $= \frac{W(\text{ग्राम}) \times 1000}{V(\text{मि.ली.}) \times \text{अणुभार}}$

$0.25 = \frac{1.25 \times 1000}{25 \times \text{अणुभार}}$

$\therefore$ अणु भार $= \frac{1.25 \times 1000}{0.25 \times 25} = 200$

**24.** (c) माना कि धातु ऑक्साइड का भार = 100 ग्राम

ऑक्सीजन का भार = 32 ग्राम

$\therefore$ धातु का भार $= 100 - 32 = 68$ ग्राम

ऑक्साइड का तुल्यांकी भार $= \frac{\text{धातु का भार}}{\text{ऑक्सीजन का भार}} \times 8$

$= \frac{68}{32} \times 8 = 17$.

